# शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

लखनऊ, शुक्रवार 21 फरवरी 2025 नगर संस्करण | पृष्ठ:-8 मूल्य:-4 रूपया | वर्ष:- 14, अंक 48




बोईसर में सकल मराठा समाज... • लखनऊ से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र • वर्ल्ड कप 2023 फाइनल के बाद से रूठी.....

# यूपी सरकार ने पेश किया 8,08,736 लाख करोड़ का बजट

## युवा, गरीब, किसान और महिला पर फोकस, मेधावी छात्रों को दिए जाएंगे स्कूटी और टैब

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये आठ लाख आठ हजार 736.60 करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट प्रस्तावों को सदन के पटल पर रखते हुये कहा कि प्रस्तुत बजट का आकार 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 6 लाख रुपये है जो वर्ष 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है। बजट में पूँजीगत परिव्यय कुल बजट का लगभग 20.5 प्रतिशत है।

पूँजीगत परिव्यय के अन्तर्गत अवसंरचना निर्माण, विस्तार और निवेश संबंधी व्यय आते हैं। उद्योग, आवागमन, उत्पादों की बाजार तक पहुंच तथा प्रदेश में पूँजी निवेश को आकर्षित करने जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों में पूँजीगत व्यय की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण होती है। बजट में अवस्थापना विकास के लिये 22 प्रतिशत, शिक्षा के लिये 13 प्रतिशत, कृषि और सम्बद्ध सेवाओं के लिये 11 प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में छह प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के लिये चार प्रतिशत एवं संसाधन आवंटित किये गये हैं।

बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाए जाने का लक्ष्य रखा है। इसको ध्यान में रखते हुये सरकार ने कृषि एवं संवर्गीय सेवाएँ, अवस्थापना, उद्योग, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, शिक्षा, पर्यटन, नगर विकास, वित्तीय सेवायें, ऊर्जा, पूँजी निवेश आदि चिन्हित करते हुये सेक्टरवार कार्ययोजना तैयार की है। सम्बन्धित विभागों द्वारा सेक्टरवार कार्य योजना पर कार्य चल रहा है जिसकी समीक्षा नियमित रूप से की जा रही है। उन्होने कहा कि सुचारू नीति कार्यान्वयन, व्यापार को आसान बनाने, ईज ऑफ यूइंग बिजनेस तथा निवेश आकर्षित करने के लिये सत्त विकास के कार्य के प्रति समर्पण भाव से प्रदेश के समस्त अंचलों में संतुलित निवेश का समग्र प्रवाह एवं नागरिकों के जीवन उन्नयन के लिये दीर्घकालिक मूल्यों एवं व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि समस्त राज्यों द्वारा कुल व्यय के प्रतिशत के रूप में चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पर किये गये व्यय के औसत की तुलना में, वित्तीय वर्ष 2018-2019 तथा 2021-2022 के अलावा वर्ष 2017-2018 से 2024-2025 तक उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया व्यय लगातार अधिक रहा। वर्ष 2017-2018 में सभी राज्यों के औसत अनुपात 5.0 प्रतिशत के सापेक्ष उत्तर प्रदेश का अनुपात 5.3 तथा 2024-2025 में 5.6 प्रतिशत के सापेक्ष 5.9 प्रतिशत रहा है। खन्ना ने कहा कि प्रदेश की ऋणग्रस्तता जो वर्ष 2016-2017 की समाप्ति पर जीएसडीपी का 36.7 प्रतिशत थी घट कर वर्ष 2022-2023 के वास्तविक आँकड़ों में 30.4 प्रतिशत हो गयी है। प्रदेश सरकार द्वारा न केवल अपने आंतरिक संसाधनों की अभिवृद्धि पर जोर दिया गया है, अपितु विकास व्यय एवं स्वास्थ्य सेवाओं पर व्यय बढ़ाया गया है और ऋणग्रस्तता में कमी लायी गई है। यह सरकार के कुशल वित्तीय प्रबन्धन का परिचायक है। खन्ना ने कहा कि नीति आयोग ने वित्तीय वर्ष 2014-2015 से 2022-2023 तक की अवधि के लिये राज्यों की राजकोषीय स्थिति के संबंध में रिपोर्ट प्रकाशित की है, जिसमें उत्तर प्रदेश को अग्रणी (फंट रनर) राज्य की श्रेणी में रखा गया है। समेकित 'फिस्कल हेल्थ इन्डेक्स' जो वर्ष 2014 से 2019 की अवधि में 37.0 था, 2022-2023 में बढ़कर 45.9 हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार व्यय की गुणवत्ता में व्यापक सुधार हुआ है। वर्ष 2018 से 2023 की अवधि में पूँजीगत व्यय, कुल व्यय के 14.8 प्रतिशत से 19.3 प्रतिशत के मध्य रहा। इस अवधि में यह अनुपात देश के प्रमुख राज्यों के औसत अनुपात से अधिक रहा। सामाजिक क्षेत्र में पूँजीगत व्यय में 27 प्रतिशत तथा राजस्व व्यय में 9 प्रतिशत वार्षिक दर से वृद्धि हुई। इसी प्रकार, आर्थिक सेवाओं के अन्तर्गत भी पूँजीगत व्यय में पर्याप्त वृद्धि परिलक्षित हुई। वित्तीय वर्ष 2018-2019 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पर व्यथ कुल व्यय का 4.9 प्रतिशत था जो वर्ष 2022-2023 में बढ़कर 6.5 प्रतिशत हो गया, जो देश के प्रमुख राज्यों में सर्वाधिक था। उन्होने कहा कि प्रदेश का राजकोषीय घाटा निर्धारित सीमा के अधीन रहा है। राजस्व बचत तथा प्राथमिक बचत के कारण सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में ऋणग्रस्तता में कमी दर्ज की गयी। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा राज्यों के बजट के संबंध में वित्तीय वर्ष 2024-2025 में प्रकाशित अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार देश के सभी राज्यों की स्वयं के कर की प्राप्तियों में उत्तर प्रदेश का अंश वर्ष 2022-2023, 2023-2024 एवं 2024-2025 में क्रमश: 9.9 प्रतिशत, 10.5 प्रतिशत एवं 11.6 प्रतिशत रहा जो महाराष्ट्र के उपरान्त देश में सर्वाधिक है। इस दौरान सभी राज्यों में राजस्व प्राप्तियों के सापेक्ष ब्याज पर व्यय क्रमश: 12.6, 12.3 एवं 12.1 प्रतिशत रहा जबकि उत्तर प्रदेश में यह प्रतिशत 10.3, 9.4 एवं 8.9 रहा। सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में सभी राज्यों की स्वयं के कर से प्राप्ति का औसत उक्त वर्षों में क्रमश: 6.5, 7.0 तथा 7.2 प्रतिशत रहा, जब कि उत्तर प्रदेश में यह अनुपात क्रमश: 7.6, 9.8 तथा 10 प्रतिशत रहा। वित्त मंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश में निवेश आकर्षण, औद्योगिक एवं अवस्थापना विकास में उल्लेखनीय प्रगति हुई है तथा प्रदेश भारत में सबसे पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में उभरा है। अवस्थापना सुविधाओं का त्वरित विकास किया गया है। कई निवेशोन्मुख नीतियां घोषित की गई है तथा कारोबारी माहौल में अभूतपूर्व सुधार किया गया है, जिससे प्रदेश की छवि आर्थिक रूप से पिछड़े राज्य से परिवर्तित होकर एक प्रगतिशील राज्य के रूप में स्थापित हुई है। विश्व स्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होने कहा कि राज्य में विकसित हो रही वायु, जल, सड़क एवं रेल नेटवर्क की कनेक्टिविटी से राज्य के उद्योगों एवं मैन्युफैक्चरिंग इकाईयों को अपना माल भारत एवं विदेशों के बाजारों में भेजने के लिये परिवहन के विभिन्न साधनों के बीच निर्बाध रूप से स्विच करने की सुविधा प्रदान करेगी।

कानून व्यवस्था तथा विद्युत आपूर्ति में अभूतपूर्व सुधार, सक्रिय नीतिगत निरूपण एवं इन्वेस्ट यूपी में निवेश सारथी, निवेश मित्र तथा ऑनलाइन प्रोत्साहन लाभ प्रबंधन प्रणाली जैसी डिजिटल सुविधाओं से निवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है, जिससे निवेशकों का विश्वास बढ़ा है तथा राज्य में व्यापार करने के लिये अनुकूल वातावरण सृजित हुआ है।

■ अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाए जाने का लक्ष्य

■ 2017-2018 में प्रदेश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह बदहाल थी- खन्ना



### 2017-2018 में प्रदेश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह बदहाल थी- खन्ना

खन्ना ने कहा कि सरकार राज्य को एक मुख्य निवेश केन्द्र तथा देश के ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित करने के अपने मिशन को कार्यान्वित करने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होने कहा कि वर्ष 2017-2018 में प्रदेश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह बदहाल थी तथा जीएसडीपी मात्र 12.89 लाख करोड रुपये के स्तर पर था। उनकी सरकार के कार्यकाल में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दो गुना कर दिया है। वर्ष 2024-2025 में प्रदेश की जी.एस.डी.पी. 27.51 लाख करोड़ रहने का अनुमान है। हम देश में विकास दर में वृद्धि करने वाले राज्यों में अब अग्रणी स्थान पर खड़े हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि वर्ष 2023-2024 में भारत देश की जी.डी.पी. की वृद्धि दर 9.6 प्रतिशत थी जबकि हमारे प्रदेश की वृद्धि दर 11.6 प्रतिशत रही है। वित्तीय वर्ष 2016-2017 में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय मात्र 52,671 रुपये थी। मात्र तीन वर्ष की अवधि में प्रति व्यक्ति आय 2019-2020 में बढ़कर 65,660 रुपये के स्तर पर पहुँच गयी।

### सूबे की राजकोषीय स्थिति में सुधार हुआ: खन्ना

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि नीति आयोग, भारत सरकार की ओर से वित्तीय वर्ष 2014-2015 से 2022-2023 तक की अवधि के लिए राज्यों की राजकोषीय स्थिति के संबंध में रिपोर्ट प्रकाशित की गई है, इस रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश को अग्रणी राज्य की श्रेणी में रखा गया है। राजकोषीय स्थिति जो वर्ष 2014 से 2019 की अवधि में 37.0 थी, 2022-2023 में बढ़कर 45.9 हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार, व्यय की गुणवत्ता में व्यापक सुधार हुआ है। वर्ष 2018 से 2023 की अवधि में पूंजीगत व्यय, कुल व्यय के 14.8 प्रतिशत से 19.3 प्रतिशत के बीच रहा।

### सड़क एवं रेल नेटवर्क की कनेक्टिविटी बढ़िया हुई

सुरेश खन्ना ने कहा कि विकसित विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने में उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्य में सड़क एवं रेल नेटवर्क की कनेक्टिविटी से उद्योगों एवं मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों को अपना माल भारत एवं विदेशों के बाजारों में भेजने के लिए परिवहन के विभिन्न साधनों की सुविधा मिल रही है।

### बजट में महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी दूर करने की बात नहीं: मायावती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा गुरुवार को पेश किये गये बजट को निराशाजनक बताते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने कहा कि बजट में महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ेपन को दूर करने व आमजन की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के प्रति पर्याप्त सरकारी नीयत-नीति का अभाव है। सुश्री मायावती ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया एक्स पर देते हुये कहा यूपी सरकार द्वारा विधानसभा में आज पेश 2025-26 का बजट यदि व्यापक जनहित व जनकल्याण का ज्यादा होता तो यह बेहतर होता, जबकि महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ेपन को दूर करने व आमजन की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के प्रति पर्याप्त सरकारी नीयत-नीति का अभाव। सही विकास कैसे संभव। उन्होने कहा कुल मिलाकर, यूपी भाजपा सरकार का बजट भी पेट भरे मध्यम वर्ग के तुष्टीकरण वाला है, जबकि सरकारों की असली चिन्ता व संवैधानिक दायित्व करोड़ों परिवारों की दरिद्रता को दूर करके सुख-चैन पहुँचाने वाला सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय के उद्देश्य की पूर्ति का होना चाहिए। ऐसा ना होना चिन्तनीय। बसपा सुप्रीमो ने कहा उत्तर प्रदेश के शहर, गाँव, क्षेत्र एवं समाज बुनियादी सुविधाओं के अभाव व अनेकों विषमताओं से जूझ रहे हैं तथा लोगों को जब सड़क, पानी, स्कूल, अस्पताल, रोजी-रोजगार के बेहतर व्यवस्था करने की माँग है तब उन्हें दूसरे सपने दिखाना यह समस्या का सही समाधान नहीं। उन्होने कहा भाजपा से पहले यूपी बदहाल था, यह दावा उचित नहीं, क्योंकि बीएसपी की मेरी सरकार में जनहित व जनकल्याण तथा अपराध-नियंत्रण व कानून-व्यवस्था के मामले में हर स्तर पर कानून द्वारा कानून का बेहतरीन राज था, जिसे लोग अब तरस रहे हैं, जबकि भाजपा की नीतियों से बहुजन समाज बदहाल है।

### गरीब, किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित बजट: योगी



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट सनातन संस्कृति की सर्वे भवन्तु सुखिन: की अवधारणा के अनुरूप गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित है जिसमें वंचित को वरीयता का केंद्रीय भाव है। विधानभवन में बजट पेश करने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता हमारी सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश में लगभग छह करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठाया गया है। अब जीरो पॉवर्टी के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ कार्य हो रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत से निर्धनतम परिवारों को चिन्हित करते हुए उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं।

### यह बजट नहीं बहुत बड़ा ढोल है, यूपी सरकार पर भड़के अखिलेश



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार द्वारा गुरुवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये प्रस्तुत बजट को बड़ा ढोल करार देते हुए कहा कि इसमें आवाज तो बहुत है मगर यह अंदर से खाली है। यादव यहां बजट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने बजट को समाज के तमाम वर्गों के लिए निराशाजनक करार देते हुए कहा, यह बजट नहीं बड़ा ढोल है, जिसमें आवाज तो बहुत है मगर यह अंदर से खाली है। यह खोखला है। इस बजट का झोला खाली है। जनता को लग रहा है कि बजट आया ही नहीं है। वह पूछ रही है कि प्रवचन तो आ गया लेकिन बजट कब आएगा?

# रेखा गुप्ता बनीं दिल्ली की 9वीं मुख्यमंत्री

■ बोलीं- शीशमहल में नहीं रहूंगी, प्रवेश वर्मा समेत 6 मंत्री बनाए गए, शाम को यमुना जाएगी नई कैबिनेट

एजेंसी




**नई दिल्ली।** शालीमार बाग से पहली बार भाजपा विधायक बनीं रेखा गुप्ता ने आज दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। बीजेपी 27 साल बाद राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में लौटी है। सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी के बाद वह अब दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं। 50 वर्षीय गुप्ता ने 5 फरवरी को हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी आम आदमी पार्टी (आप) प्रतिद्वंद्वी बंदना कुमारी के खिलाफ 29,000 से अधिक वोट हासिल करके शालीमार बाग सीट जीती। काम ही पहचान (मेरा काम ही मेरी पहचान है), एक टैगलाइन है जिसे वह अपनी वेबसाइट पर अपने अभियानों के लिए उपयोग करती है। उनके मंत्रिपरिषद में प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, पंकज सिंह, मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा और रविंदर इंद्राज शामिल हैं, जो रामलीला मैदान में मेगा समारोह में शपथ लेंगे। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों सहित अन्य शीर्ष भाजपा नेता इस समारोह में पार्टी के मेगा शक्ति प्रदर्शन के रूप में भाग ले रहे हैं क्योंकि यह लगभग तीन दशकों के बाद सत्ता में लौटी है। शपथ ग्रहण समारोह के बाद एनडीए गठबंधन की एक अहम बैठक भी होगी जिसमें पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे। मनोनीत मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा द्वारा उन्हें इस पद के लिए चुना जाना प्रधानमंत्री के महिला सशक्तीकरण के दृष्टिकोण को दर्शाता है। उन्होंने गुरुवार सुबह कहा महिलाओं के प्रति पीएम मोदी के दृष्टिकोण और सकारात्मकता ने इसे संभव बनाया है। इतनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए एक मध्यम वर्ग की महिला को चुनना एक बड़ा निर्णय है, और मैं मुझ पर विश्वास करने के लिए शीर्ष नेतृत्व को गहराई से धन्यवाद देती हूं। उन्होंने मुझे यह बड़ी जिम्मेदारी दी है, और मैं इसे समर्पण के साथ पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

# विदेश से एमबीबीएस करने के लिए भी नीट पास करना अनिवार्य

## एमसीआई के नियम पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर

एजेंसी



**नई दिल्ली।** विदेश से एमबीबीएस करने के लिए नीट यूजी परीक्षा पास करना अनिवार्य है। सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के इस नियम को बरकरार रखा है। केंद्र सरकार की ओर से 2018 में लाया गया यह नियम सुनिश्चित करता है कि विदेश में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्र भारत में मेडिसिन की प्रैक्टिस करने के लिए जरूरी मानकों को पूरा करें। शीर्ष अदालत ने फैसले में कहा कि यह रेगुलेशन निष्पक्ष व पारदर्शी है और किसी भी वैधानिक प्रावधान या संविधान के खिलाफ नहीं है। अदालत ने कहा कि यह नियम इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट, 1956 के किसी भी प्रावधान के विपरीत नहीं है और न ही किसी भी तरह से मनमाना या अनुचित है। नीट यूजी पास करने की आवश्यकता ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन रेगुलेशन, 1997 में निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अतिरिक्त है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बी आर गवई और के विनोद चंद्रन की पीठ ने याचिका पर सुनवाई की। आपको बता दें कि वर्ष 2018 से उन भारतीय छात्रों के लिए नीट यूजी पास करना अनिवार्य कर दिया गया है जो विदेश से एमबीबीएस कर भारत में डॉक्टरी करना चाहते हैं। याचिकाकर्ताओं ने एमसीआई के रेगुलेशन को चुनौती देते हुए तर्क दिया था कि इसे इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट, 1956 में संशोधन किए बिना लाया गया था। हालांकि अदालत ने माना कि मेडिकल काउंसिल के पास एक्ट की धारा 33 के तहत रेगुलेशन पेश करने का अधिकार था। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा, हमें रेगुलेशन में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं नजर आता। सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार के लिए छूट देने के लिए भी साफ इनकार कर दिया। पीठ ने कहा, जाहिर सी बात है कि संशोधित रेगुलेशन लागू होने के बाद यदि कोई उम्मीदवार प्राइमरी मेडिकल एजुकेशन लेने के लिए किसी विदेशी संस्थान में एडमिशन लेना चाहता है, तो वे रेगुलेशन से छूट की मांग नहीं कर सकते हैं। ये रेगुलेशन देश के भीतर डॉक्टरी करने के लिए आवश्यक पात्रता मानदंड निर्धारित करते हैं। यह भारत के बाहर कहीं भी डॉक्टरी करने के उनके अधिकार को प्रतिबंधित नहीं करता है।

फैसले का मतलब है कि विदेश में अंडर ग्रेजुएट मेडिकल कोर्स करने के इच्छुक भारतीय छात्रों को अब विदेशी मेडिकल संस्थानों में दाखिले का पात्र होने के लिए नीट यूजी पास करना होगा।


RNI : UPHIN/2012/45286

शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र (प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया)

YouTube shakuntimes

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के सम्पूर्ण जिले में तहसील और ब्लाक स्तर पर संवाददाता की

प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया

यदि आप भी समाज में फैले हुए भ्रष्टाचार के विरूद्ध उठाना चाहते है आवाज़ तो शकुन टाइम्स दे रहा है आपको एक बेहतरीन मौका

अधिक जानाकरी के लिए

अपना नाम व जिला हमें WhatsaApp करें।

9935781155, 9415052283



# आज नही तो कल, जैविक खेती ही हल

शकुन टाइम्स संवाददाता




**गाजीपुर।** जैविक खेती को और आगे बढ़ाने के लिए आज नही तो कल, जैविक खेती ही हल, उक्त बाते आज दिनांक 20 फरवरी 2025 को विकास खंड, भावरकोल के ग्राम पंचायत, शेरपुर मे यूपी डास्प द्वारा आयोजित विशाल जैविक मेला प्रदर्शनी मे उपस्थित वैज्ञानिकों ने कही मेला का औपचारिक उद्घाटन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, मण्डल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी एवं वरिष्ठ जैविक किसान ने फीता काटकर किया, कृषि विज्ञान केंद्र, आकुश पुर के वैज्ञानिक डॉ शशांक सिंह ने औद्यानिक फसलों, फलो, सब्जियों को उगाने एवं उसके रख रखाव के बारे मे विस्तार से बतायाद्य यूपी डास्प के जिला परियोजना समन्वयक, डॉ वी के राव ने जैविक खेती की आवश्यकता, उद्देश्य एवं आमजन, पर्यावरण को होने वाले फायदे के बारे मे विस्तार से बताया द्य डॉ राव के अनुसार आनेवाले समय मे विशिष्ट उत्पादों की समूह मे खेती की जायेगी, उत्पादों की ग्रेडिंग, सोर्टिंग, वैल्यू एडिशन करके बाजारों मे बिक्री हेतु उपलब्ध कराया जायेगा द्य मौसम मे होने वाले उतार चढ़ाव से फसलों मे होने वाले नुकसान के निराकरण हेतु डिजिटल सूचना तंत्र विकसित किया जायेगा द्य उत्पादों के निर्यात हेतु ग़ाज़ियाबाद मे तैयार जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक परिवहन सुविधा को सुदृढ़ किया जा रहा हैद्य

जैविक मेले मे कृषि एवं सम्बंधित विभाग जैसे पशुपालन, मत्स्य, उद्यान एवं कृषक उत्पादक संगठन ने अपने अपने स्टाल लगाये तथा उनके अधिकारियों ने अपने विभाग की योजनाओं के बारे मे बताया द्ययू पी डास्प की सहयोगी संस्था -ईश एग्रीटेंक के प्रोजेक्ट मैंनेजर कुलदीप सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं मेला उपरांत सभी का आभार प्रगट किया गया द्य मंच का संचालन प्रोजेक्ट के डिस्ट्रिक्ट इंचार्ज रंजीत कुशवाहा ने किया द्य मेला मे वर्तमान प्रधान जय नन्द राय, हरिश्याम गौतम, सतेंद्र नाथ राय संदीप यादव , अमित यादव, जसवंत कुमार सहित समस्त ग्रामवासियो का सहयोग सराहनीय रहा।

# शांति ढंग से हो रही है मदरसा बोर्ड की परीक्षा



शकुन टाइम्स संवाददाता

**नरायनपुर/ मिर्जापुर।** मदरसा गौसिया इस्लामिया बेगपुर नरायनपुर में बड़े ही शांति ढंग से अरबी/ फारसी बोर्ड की परीक्षाएं हो रही है। छात्र एवं छात्राएं बड़े हैं शांति से परीक्षा दे रहे हैं, यहां पर छात्र एवं छात्राएं दोनों लोगों का सेंटर आया हुआ है।

शासन के मनसानुसार परीक्षाएं हो रही है। मदरसे में शिक्षक भी परीक्षा लेते हुए दुरुस्त दिखे। छात्र-छात्राएं बड़े ही शांति ढंग से अपनी अपनी परीक्षा दे रहे थे। मुंशी/ मौलवी आलिम/कामिल, फाजिल की परीक्षाएं इस समय चल रही हैं। मदरसे के शिक्षक एवं कमेटी के लोग बड़े ही अच्छे तरीके से परीक्षार्थियों से पेस आ रहे थे। वहीं पर प्रिंसिपल इम्तियाज आलम का कहना था कि हमारे मदरसे में कोई दिक्कत नहीं है बड़े ही शांति ढंग से यहां छात्र एवं छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं। हमें उनसे कोई शिकायत नहीं है।

# संक्षिप्त सामाचार

## फोरलेन पर दो बाइक की टक्कर, युवक की मौत

**गाजीपुर।** गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन मार्ग पर मरदह फ्लाईओवर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। दो तेज रफ्तार बाइक आपस में टकरा गईं। हादसे में तीन लोग घायल हुए। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरदह ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। गोविंदपुर निवासी सोनू यादव (35) को वाराणसी ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। दूसरे घायल बबलू चौहान को गाजीपुर जिला अस्पताल से मऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। तीसरे घायल पंकज चौहान (27) का इलाज जारी है। मृतक सोनू यादव के माता-पिता का कई साल पहले देहांत हो चुका था। कुछ साल पहले ही उनकी शादी हुई थी। उनकी मौत से पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया गया है। मृतक के भाई बृजेश यादव की तहरीर पर मामले की जांच की जा रही है।

## लोहता रिंगरोड फेज टू पर ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा

**बाइक सवार युवक की मौत, चालक ट्रक सहित फरार**

**वाराणसी।** रिंग रोड फेज टू रज्जीपुर गांव के समीप आज सुबह 10 बजे ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंदते हुए भाग निकला। जिसमें बाइक सवार युवक की सर में गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे लेकर कार्यवाही में जुट गई थी।

और मृतक के परिजनों को पुलिस ने सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस से पोस्टमार्टम ना कराने की अपील करते हुए लिखापढ़ी करके शव को ले लिया। मृतक विवेक कुमार पांडेय 21 वर्ष पुत्र रमाकांत पांडेय थाना लोहता क्षेत्र के बनकट गांव का निवासी है। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। मृतक की मां सोनी पाण्डेय का रो रोकर बुरा हाल हो गया। बताया जाता है विवेक पांडेय अपनी बाइक सुपर स्पलेंडर से राजा तालाब की ओर से अपने घर को लौट रहा था, जो ओवरटेक के करने में रज्जीपुर रिंगरोड फेज टू पर ट्रक के सामने आ गया जिससे ट्रक की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। वहीं चालक ट्रक सहित फरार हो गया। पुलिस ट्रक का पता लगाने में जुटी है।घटना की सूचना पाकर मौके पर एसीपी रोहनिया संजीव कुमार शर्मा भी पहुंच गए।

## रेलवे लाइन पर पड़ा मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, मचा हड़कंप

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में रेलवे ट्रैक पर अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर जीआरपी पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ पहुंची।

शव की शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने मोर्चरी में रखवा दिया और परिजनों की तलाश में जुट गई। थाना बिलारी क्षेत्र के ग्राम पीपली चक में मुरादाबाद चंदौसी रेलवे लाइनों के बीच गुरुवार सुबह अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस के मुताबिक शव की शिनाख्त नहीं सकी है और उम्र करीब 40 साल बताई जा रही है। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य को एकत्रित किया। शिनाख्त नहीं होने पर शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस परिजन की तलाश में जुटी है और आसपास के इलाके और थाने में फोटो भेजकर पहचान करने की कोशिश में लगी हुई है।

# चित्रकूट कॉन्वेंट इंटर कॉलेज में विदाई समारोह का किया गया आयोजन



शकुन टाइम्स संवाददाता

**वाराणसी।** चित्रकूट कान्वेन्ट इण्टर कालेज नक्खीघाट में 11वीं की छात्राओं ने 12वीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। 11वीं की छात्राओं ने सीनियर 12वीं के छात्रों को विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या साधना गोस्वामी माँ सरस्वती की पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलित कर की। कक्षा 11 की छात्रा खुशी कुशवाहा, सलोनी, प्रज्ञा शुक्ला, प्रिया, मोना, खुशबू, कोमल भारती ने सीनियर्स के लिए विशेष सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। संचालन पूर्णिमा राय, निशी चौरसिया ने किया। प्रधानाचार्या साधना गोस्वामी, सरोज गोस्वामी, जाहिर अब्बास, शिव, गायत्री राय, मीनू सिंह, सीमा गोस्वामी, आकांक्षा, दमयंती पाण्डेय सहित विद्यालय स्टाप मौजूद रहे।

# परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद का अपमान देश का अपमान

## जांच कर दोषियों के खिलाफ हो कार्रवाईः विधायक मन्नू अंसारी

शकुन टाइम्स संवाददाता



**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद के विधायक शोएब उर्फ मन्नू अंसारी ने यूपी विधानसभा में गाज़ीपुर के शहीद सपूत वीर अब्दुल हमीद के अपमान की कोशिश का मुद्दा उठाया, और यह मांग की के देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले किसी भी शहीद का अपमान नहीं होना चाहिए क ?योंकि परमवीर चक्र विजेता अब ?दुल हमीद का अपमान देश का अपमान है। उन ?होने विधानसभा अध्यक्ष जी के माध्यम से सरकार से यह अनुरोध किया कि मुहम ?मदाबाद, बलिया दोनों मार्गों को बिहार तक हाइवे को जोड़ा जाए और उसे चौड़ा किया जाए, ताकि मेरी विधानसभा क्षेत्र में हो रही दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसके अतिरिक्त, भारी वाहनों के चलने से जर्जर हुई श्रेत्र के गांवों की सड़कों और स्थानीय पुलों की मरम्मत कराने की भी मांग की। शिक्षा के मुद्दे पर, मैंने अपने जनपद में एक भी विश्वविद्यालय न होने, अपनी विधानसभा में कोई भी पॉलिटेक्निक इंजीनियरिंग कॉलेज और महिला डिग्री कॉलेज न होने का मसला उठाया और विश्वविद्यालय, पॉलिटेक्निक इंजीनियरिंग कॉलेज और महिला डिग्री कॉलेज खोलने की मांग की। अपने क्षेत्र में बिजली की समस्याओं को उजागर करते हुए बताया कि पिछले 20 वर्षों में एक भी नया पावर हाउस और सब-स्टेशन नहीं खोला गया है, जिसके कारण गर्मी और सिंचाई के समय विधानसभा की जनता को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मैंने मांग की कि बिजली की सुगम व्यवस्था के लिए तत्काल पावर हाउस और सब-स्टेशन बनाने का प्रावधान किया जाए। स्वास्थ्य समस्याओं को इंगित करते हुए बताया कि मेरे क्षेत्र में ट्रामा सेंटर बनने के बावजूद यह सुचारू रूप से नहीं चल रहा है, केवल दो डॉक्टर आते हैं और उनके लिए पीने के पानी का भी इंतजाम नहीं है। एक्सरे मशीन तक उपलब्ध नहीं है। ट्रामा सेंटर में उचित व्यवस्था करने की मांग की गई ताकि मेरी विधानसभा और आस-पास की विधानसभाओं की जनता को स्वास्थ्य लाभ मिल सके। अंत में उन्होने अपने नौजवानों के लिए अपनी विधानसभा में एक मिनी स्टेडियम खोलने की मांग की।

# चौकीदार की खेत में मिली लाश

## भतीजों ने कहा- हमने कर दी हत्या, पुलिस ने लिया हिरासत में

संवाददाता




**हरदोई।** हरदोई के पाली थाने का चौकीदार खेत से चारा लेने गया हुआ था, वहीं उसका शव पड़ा हुआ देखा गया। शव देखते ही वहां हड़कंप मच गया। उसी बीच आरोपी भतीजे गांव में घूम-घूम कर कहते सुने गए कि %हां, उन्होनें ही चौकीदार चाचा को मौत के घाट उतारा। इसका पता होते ही पुलिस ने हत्यारोपी दो भतीजों और एक उसके पुत्र को हिरासत में् लेते हुए पूछताछ शुरू कर दी है।

बताया गया है कि पाली थाने के मोहल्ला सुलह सराय निवासी 40 वर्षीय राकेश उर्फ कल्लू पुत्र जगदीश प्रसाद थाने में चौकीदार था, उसके परिवार में पत्नी नीतू के अलावा एक बेटी प्रियंका और दो बेटे अंशू व नैतिक है। राकेश उर्फ कल्लू के चार भाइयों में दो बड़े और एक उससे छोटा भाई है। बुधवार की शाम को वह जानवरों के लिए चारा लेने खेत पर गया हुआ था। उसी बीच कुछ लोगों ने चौकीदार का शव वहीं खेत में पड़ा हुआ देखा, शव मिलने से मौके पर हड़कंप मच गया।

उसी बीच चौकीदार राकेश उर्फ कल्लू के भतीजे गुड्डू, रिंकू और गुड्डू के पुत्र छोटू लोगों के बीच कहते सुने गए कि उन्ही लोगों ने चाचा (चौकीदार) को मौत के घाट उतार दिया। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने हत्या करने की बात कुबूल कर रहे दोनों भतीजों गुड्डू,रिंकू और गुड्डू के पुत्र छोटू को हिरासत में ले कर उनसे पूछताछ शुरु कर दी है। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहराई से जांच करते हुए चौकीदार की मौत की वजह तलाश रही है, साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे मे् आगे कुछ कहा जा सकता है। उधर चौकीदार के घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।


# फतेहपुर में हाईवे पर एलपीजी गैस से भरा टैंकर पलटा

## मचा हड़कंप, पुलिस ने रुकवाई गाड़ियों की आवाजाही

संवाददाता

**फतेहपुर।** जनपद में गुरुवार की सुबह करीब दस बजे के आसपास एलपीजी से भरा टैंकर हाइवे पर पलट गया। टैंकर पलटनें से आस पड़ोस में हड़कंप मच गया। टैंकर पलटनें से चालक को गंभीर चोटें भी आईं हैं। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने मोर्चा संभाला है।

गुरुवार की सुबह कानपुर से एलपीजी लादकर टैंकर वाराणसी के लिए निकला था। जैसे ही वह मलवा थाना क्षेत्र के मलवा औद्योगिक क्षेत्र के समीप पहुंचा कि अचानक टैंकर का टायर फट गया। टायर फटने की वजह से टैंकर अनियंत्रित हो टैंकर हाइवे पर बने डिवाइडर को तोड़ दूसरे लेन में पहुंच गया और उसी दौरान वह पलट गया। टैंकर को पलटता देख आस पड़ोस के लोगों में हड़कंप मच गया। टैंकर पलटनें से चालक



गंभीर रूप से घायल हो गया।

थोड़ी देर बाद एलपीजी से भरे टैंकर के पलटनें की सूचना पुलिस को लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने टैंकर चालक को इलाज के लिए भेजा। वहीं पुलिस ने हाइवे पर टैंकर पलटनें के बाद उस लेन पर लोगों का आवागमन भी बंद करा दिया। वहीं थोड़ी देर बाद सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने मोर्चा संभाला है।

# कश्मीर भारत का था, है और रहेगा

## मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने पाकिस्तान को दी नसीहत

संवाददाता

**बरेली।** पाकिस्तान की संसद में कश्मीर मुद्दे पर पारित प्रस्ताव को लेकर मौलाना शहाबुद्दीन रज़वी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा।

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रज़वी बरेलवी ने एक बयान जारी किया है। बयान में उन्होंने कहा कि जो कश्मीर पाकिस्तान के कब्जे में है, वह भी भारत का हिस्सा है। कश्मीर कल भी भारत का था, आज भी भारत का है और भविष्य में भी भारत का ही रहेगा। पाकिस्तान की हसरत कभी पूरी नहीं हो सकती।

उन्होंने पाकिस्तान की संसद में पारित कश्मीर प्रस्ताव की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि भारत के मुसलमान इसे पूरी तरह खारिज करते



हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान खुद कई आंतरिक समस्याओं से जूझ रहा है। वहां महंगाई चरम पर है, बलूचिस्तान में सेना निहत्थे लोगों पर गोलियां बरसा रही है और पूरे देश में अराजकता फैली हुई है। इन सबके बावजूद पाकिस्तान भारत के खिलाफ बयानबाजी करने से बाज नहीं आता।

मौलाना रज़वी ने पाकिस्तान को नसीहत देते हुए कहा कि उसे भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहने के बजाय अपने देश की समस्याओं का समाधान करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के मुसलमान पूरी तरह देशभक्त हैं और पाकिस्तान की राजनीति से कोई लेना-देना नहीं रखते।

# बाइक ने मारी टक्कर, पुलिस कर्मी की मौत

**उन्नाव।** बारासगवर थाना की ऊंचागांव चौकी में तैनात विकास कुमार मुरादाबाद जिला के थाना झजलेट क्षेत्र के छजुपुरा गांव निवासी था। सन- 2019 में उसका चयन यूपी पुलिस में आरक्षी पद पर हुआ था। बुधवार देर रात वह अपनी बीट पर था तभी लालकुआं-धनीखेड़ा मार्ग पर परौली गांव के सामने बने पेट्रोल पंप के पास उसकी बाइक की सामने से आई दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में सिपाही गंभीर घायल हो गया।

राहगीरों की सूचना पर पहुंची। पुलिस पास के स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां से डॉक्टर ने उसे डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल भेजा। लेकिन वहां पहुंचने पर उसकी मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते सहकर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई। शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। एसओ धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि दुखद घटना हुई ।शव को मोर्चरी में रखवा कर परिजनों को सूचना दी गई है।

# शाहजहांपुर में तालाब पर हो रहा था अवैध कब्जा, शिकायत पर रुकवाया

संवाददाता



**शाहजहांपुर।** मोहल्ला बगियानाथ-लखपेड़ा में सरकारी तालाब पर दो से तीन लोग ट्रैक्टर-ट्रालियों से ईंट का रोड़ा डालकर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। मंगलवार को मोहल्ले के लोगों ने शिकायत नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी सतेंद्र प्रकाश से की।

इसके बाद शाम करीब साढ़े पांच बजे नगर पंचायत कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की और अवैध कब्जा करने की आशंका से काम को रुकवा दिया। रोड़ा आदि से तालाब पाटने पर कार्रवाई की सख्त चेतावनी दी है। लिपिक अनिल सिंह ने कहा कि लेखपाल को बुलाकर पैमाइश कराई जाएगी। उन्होंने जांच रिपोर्ट ईओ को भेज दी है।

नगर के मोहल्ला बगियानाथ निवासी लोगों ने बताया कि आबादी के बाहर सरकारी तालाब है। मोहल्ले के सभी लोगों के घरों से निकलने वाला पानी तालाब में जाता है। साथ ही बरसात का पानी भी तालाब में एकत्र होता है। लोगों ने बताया कि सोमवार को दो से तीन लोग चोरी छिपे नगर पंचायत में दर्ज तालाब पर अवैध कब्जा करने की नीयत से ट्रैक्टर-ट्राली से ईंट रोड़ा डलवा रहे थे। लोगों को पता चला को लोगों ने तालाब पर अवैध कब्जा होने की शिकायत ईओ सतेंद्र प्रकाश से की, जिस पर कार्रवाई का आश्वासन मिला।

नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक अनिल सिंह ने कर्मचारी रजनीश पांडेय के अलावा अन्य लोगों के साथ पहुंच कर कब्जा करने वालों से पूछताछ की। जांच में तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा करने को डाला जा रहा ईंट का रोड़ा बंद करा दिया। लिपिक अनिल सिंह ने कहा कि बुधवार को लेखपाल को बुलाया जायेगा। पैमाइश के बाद आगे की कार्यवाई की जाएगी।


# कानपुर को मिल सकता 200 करोड़ का नया कारोबार

## अमेरिका की ओर से चीन पर लगे टैरिफ का असर, बढ़ सकता निर्यात

संवाददाता

**कानपुर।** अमेरिका-चीन के बीच टैरिफ वॉर के बीच शहर के चमड़ा खिलौना कारोबारियों को लाभ हो रहा है। अमेरिकी कंपनियों को शहर के चमड़ा खिलौना कारोबारियों के उत्पादों के रेट और गुणवत्ता पसंद आ गई है। फाइनल सैंपल मंगवा लिए गए हैं। करीब 200 करोड़ का नया कारोबार शहर के कारोबारियों की झोली में गिर सकता है। निर्यातकों का दावा है कि शहर के कई चमड़ा खिलॉना कारोबारियों को अमेरिकी बाजार से नए छोटे ऑर्डर भी मिल चुके हैं।

शहर से चमड़े के खिलौने का अमेरिकी बाजार में लगभग 200 करोड़ का निर्यात होता है। इस कारोबार में अभी तक ज्यादातर बाजार पर चीन का कब्जा रहा माना जाता है। महीने की शुरुआत से ही दोनो देशों के एक दूसरे के उत्पादों



पर टैरिफ लगाए जाने के बाद से ही शहर के चमड़ा खिलौना निर्यातक अमेरिकी बाजार में संभावनाएं तलाश रहे थे। ऑनलाइन सैंपल और क्वालिटी कोटेशन के बाद अब वहां के कारोबारियों ने शहर के निर्यातकों से मूल सैंपल और ऑर्डर को भेजने की समय सीमा पर चर्चा शुरू कर दी है। उद्यमी मान रहे हैं कि मार्च महीने से शहर के उत्पादों का निर्यात शुरू हो सकेगा। निर्यातकों का यह भी दावा है कि अमेरिकी बाजार में बदले स्वरूप के चलते शहर के कारोबारियों को जल्द ही अमेरिका के बाजार में चमड़े के खिलौनों का निर्यात दोगुना करने का अवसर मिल सकेगा। सना इंटरनेशनल एक्जिम के निदेशक डॉ. जफर नफीस ने कहा कि फिलहाल अमेरिकी बाजार में लगभग 200 करोड़ रुपये का सालाना चमड़े के खिलौने का ऑर्डर मिलता है। अमेरिका-चीन टैरिफ वॉर के बीच जिस तरह से अमेरिका के कारोबारी रुझान दिखा रहे हैं उससे यह अनुमान है कि इस साल यह कारोबार तीन गुना तक बढ़ सकता है।

### हैंड मेड खिलौने की मांग

अमेरिका के कारोबारी शहर से जो चमड़े के खिलौनों के उत्पादों की मांग कर रहे हैं, उनमें 80 फीसदी हैंड मेड 'हस्त निर्मित' खिलौने सबस अधिक है। एचएन लेदर के निदेशक मोहम्मद हसीमुद्दीन ने बताया कि शहर के ज्यादातर चमड़ा खिलौना निर्यातक इस समय अमेरिका के कारोबारियों के संपर्क में हैं। लगभग 200 करोड़ के ऑर्डर पर बातचीत चल रही है। यह रकम फिलहाल अमेरिका में होने वाले कारोबार का दोगुना है।

### बढ़ सकता है निर्यात

शहर के चमड़ा कारोबार में बढोतरी के संकेत शहर के अन्य उत्पादों पर भी जल्द ही दिखने के आसार है। फियो (फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन) के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार संबंध काफी मजबूत हो रहे हैं। चमड़ा खिलौना बाजार में इसका असर भी दिखाई देने लगा है। जल्द ही वस्तु क्षेत्र के साथ ही सेवा क्षेत्र में भी सकारात्मक परिणाम नजर आ सकते हैं।



## खड़ी बाइक को दूसरे बाइक ने मारी टक्कर, एक की मौत

**बहराइच।** यूपी के बहराइच जनपद के रिसिया थाना क्षेत्र में पान की दुकान पर खड़े एक बाइक सवार को पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने जबरदस्त ठोकर मार दी। जिससे खड़ा हुआ बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया और कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। जबकि टक्कर मारने वाला बाइक सवार इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया है।

बता दें कि जनपद के रसिया थाना क्षेत्र के भग्गड़वा गांव के पास पान की दुकान पर खड़े बाइक सवार 55 वर्षीय धन्नी खान को पीछे से दुसरे बाइक सवार ने पीछे से ठोकर मार दी गंभीर रूप से घायल धन्नी खान ने कुछ देर बाद दम तोड़ दिया। जबकि ठोकर मारने वाला बाइक सवार का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिले लोगों ने बहराइच के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है। बताते हैं कि मृतक धन्नी खान बहराइच जनपद के रिसिया थाना क्षेत्र के परसाकोदी गांव के रहने वाले थे और अपने रिश्तेदार के शादी समारोह में शामिल होने के लिए डीहवा गए हुए थे। और वहां से वापस आ रहे थे कि तभी भग्गड़वा के पास यह हादसा हो गया।

# जागरण पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव

## सम्प्रदा 2025 वार्षिक दिवस के नाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव

शकुन टाइम्स संवाददाता

**कैंम्पियरगंज /गोरखपुर।** कैम्पियरगंज स्थित जागरण पब्लिक स्कूल में द्वितीय वार्षिक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ज्योतिर्विद नरेन्द्र उपाध्याय द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया विद्यालय के चेयरमैन पंकज मातनहेलिया ने संबोधित करते हुए जागरण परिवार की सराहना किया और अभिभावक सहित आये आपार लोगों को दिल से धन्यवाद दिया और भरोसा दिलाया कि जागरण परिवार उंनके बच्चो के भविष्य को उज्जवल बानने में कोई कसर नही रखेगे, विशिष्ट अतिथि के तौर में दैनिक जागरण गोरखपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रवीन ने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। उन्होंने जागरण समूह द्वारा संस्कारयुक्त शिक्षा के प्रचार प्रसार के संकल्प को दोहराया प्रधानाचार्य संजय सिंह ने भी उपस्थित सभी




अभिभावकों का आभार व्यक्त किया तथा आगामी नवीन सत्र के विषय में बताया।।

संस्था के सह चेयरमैन नितिन मातनहेलिया ने भी सभी उपस्थित अभिवावक और पत्रकार बंधुओं का आभार व्यक्त किया तथा संस्था के शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग देते रहने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में प्रमुख बिंदु छोटे छोटे बच्चे रहे जिन्होंने विभिन्न

- ♦ नन्हे मुन्ने बच्चो ने अपने कार्यक्रम से किया सभी को मंत्र मुग्द
- ♦ बेहतर शिक्षा के लिए अब बच्चो को कैम्पियरगंज से बाहर नही जाना पड़ेगा : पंकज मातनहेलिया

गानों पर नृत्य करके सबका मन मोह लिया

और अभिवावक भी अपने बच्चो के अभिनय को देख कर मंत्र मुग्ध हो गए।। प्रस्तुत कार्यक्रम में संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों का प्रयास काफी सराहनीय रहा। इस मौके पर नितिन मातनहेलिया, शिवम मातनहेलिया,राधा मातनहेलिया एवं पंडित नरेन्द्र उपाध्याय ज्योतिष, ब्लॉक प्रमुखअश्वनी जायसवाल, गणेश दत्त त्रिपाठी, नन्कू सिंह,संगम द्विवेदी,अनिल अग्रहरि, अखिलेश चंद्र जायसवाल, रामपूजन जायसवाल, सत्यानंद अग्रहरी, नवीन जायसवाल, बृजेश, संदीप जायसवाल एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# लूट के अपराध के आरोप में 7 अभियुक्त गिरफ्तार

**कब्जे से लूट का सामान व घटना में 2 मोटर साइकिल बरामद**

शकुन टाइम्स संवाददाता

**गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष कैम्पियरगंज के नेतृत्व में मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 92/2025 धारा 310(2),61 भा0न्या0सं0 से संबंधित अभियुक्त 1. संतोष मौर्या, 2. मंजीत निषाद, 3. अमरनाथ विश्वकर्मा, 4. श्यामलाल गौड़, 5. संदीप साहनी, 6. आलोक पासवान व 7. मुलायम साहनी को लूट के सामान के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) भा0न्या0सं0 की बढ़ोत्तरी की गयी । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । घटना दिनांक



10.02.2025 को अज्ञात अभियुक्तगण द्वारा वादी मुकदमा को रास्ते में रोककर मारपीट करते हुए दो पहिया वाहन, आभूषण,मोबाइल व नगद रुपये लूट लेने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया था

# महंगी शिक्षा, बड़े शिक्षण संस्थान फिर भी बच्चों को कोचिंग

शकुन टाइम्स संवाददाता

**सरहरी/गोरखपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में निजी स्कूलों की भरमार है। मोटी रकम लेकर गुणवत्ता परक शिक्षा देने के वादे के साथ,स्कूलों में दाखिला लेने वाले स्कूलों की संख्या सरकारी स्कूलों से कई गुना अधिक है। सुबह से शाम तक स्कूली वाहनों का तांता लगा रहता है।

अभिभावक अपने पाल्यो को घर से स्कूली बस तक ले आनेऔर ले जाने में लगे रहते हैं। भारी भरकम बस्ते को स्कूली वाहनों तक छोड़ने में कुछ अभिभावकों को पसीने से तर कर देते हैं। फिर भी अभिभावक अपने पाल्यो को, गुणवत्ता परक शिक्षा के नाम पर निजी स्कूलों में पढ़ाई करने के लिए भेजते हैं। छात्र स्कूल से घर आकर, कुछ नाश्ता लेकर कोचिंग सेंटर या लाइब्रेरी का

- ● ग्रामीण क्षेत्रों में कोचिंग सेंटर लाइब्रेरी की भरमार
- ● महंगे शिक्षण संस्थान के छात्र भी कोचिंग में

रुख करते हैं। कुछ बुजुर्ग अभिभावक तो यह कहते हैं कि शिक्षा काफी महंगी हो गई है।वहीं कुछ लोग कहते हैं कि, शिक्षा में मामले में अभिभावकों की सोच गड़बड़ है।अभिभावक,जिस स्कूल में अपने पाल्यो को गुणवत्ता परक शिक्षा के लिए भेजते हैं उस स्कूल के शिक्षकों की योग्यता तो देख सकते हैं लेकिन जिम्मेदारियों से सभी लोग भागते हुए नजर आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा मजदूर से कम मजदूरी पर काम करते हैं शिक्षक। ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विद्यालयों में न ही कोई मानक है न ही योग्य शिक्षक फिर भी अभिभावक अपने पाल्यो को,यूनिफार्म बेल्ट, टाई के साथ छात्रों को स्कूल वाहन तक पहुंचाते हैं और शान से कहते हैं कि हमारे घर के बच्चे तो फला स्कूल में पढ़ने जाता है।

बुद्धजीवी समाज के लोग अब तो कहने लगे हैं कि मोटी फीस लेने वाले स्कूलों में भी क्या पढ़ाई होती है कि,बच्चे स्कूल से बाहर कोचिंग सेंटर या लाइब्रेरी में जाते हैं। निजी स्कूलों में पढ़ाई को लेकर अच्छा नहीं कहा जा सकता है। अगर निजी स्कूलों में गुणवत्ता परक शिक्षा मिल जाती तो बाहर कोचिंग सेंटर या लाइब्रेरी जाने की क्या जरूरत होती। वहीं निजी स्कूलों के शिक्षक ही अपने कोचिंग सेंटर या लाइब्रेरी चलाते हैं।अभिभावकों का केवल शिक्षा के नाम पर धनादोहन होता है।

# ऐतिहासिक बजट पेश करने के लिए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज को बधाई: अमित सिंह ( मोनू )

शकुन टाइम्स संवाददाता

**पीपीगंज/गोरखपुर।** कैंपियरगंज विधान सभा के वरिष्ठ भाजपा नेता योगी सेवक अमित सिंह मोनू ने उत्तर प्रदेश सरकार के वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट की प्रशंसा करते हुए ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज एवं वित्त मंत्री श्री सुरेश खन्ना जी का आभार प्रकट करते हुए हार्दिक बधाई दी है।

श्री अमित सिंह मोनू ने कहा कि यह बजट राज्य के विकास और सामाजिक कल्याण के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस बजट में योजनाओं और परियोजनाओं के माध्यम से राज्य की विकास दर को बढ़ाने, रोजगार के अवसर पैदा करने, अर्थव्यवस्था को गति देने और जनता की भलाई के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। यह राज्य के समग्र प्रगति की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।



उन्होंने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों के लिए धन का पर्याप्त आवंटन किया गया है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अधिक बजट का आवंटन करके प्रदेश के 25 करोड़ जनमानस के विकास की योजनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया गया है। श्री मोनू ने कहा कि यह बजट किसान, युवाओं, महिलाओं, गरीब और खासतौर से मध्यम वर्ग के लिए पूरी तरह समर्पित है। जहां इस बजट में किसानों के आय की वृद्धि के लिए फसलों की उत्पादकता को बढ़ाने के लिए आधुनिक शोधों एंव तकनीकी के उपयोग को प्रोत्साहित किया गया है, वहीं दूसरी तरफ स्किल डेवलपमेंट के साथ युवाओं को टेक्नालॉजी से जोड़ने की योजना अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ-साथ प्रत्येक जनमानस के लिए यह बजट समर्पित है। उन्होंने ऐतिहासिक बजट पेश करने के लिए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज को बधाई दी।

## संक्षिप्त सामाचार

### प्रदेश के सभी न्यायालय में कल कामकाज ठप्प रहेगा

**गोरखपुर।** 21 फरवरी 25 को उत्तरप्रदेश बार कौंसिल के निर्देश पर प्रदेश के सभी अदालतों में काम काज ठप्प रहेगा। अधिवक्ता प्रदर्शन कर अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 का विरोध कर जिला जज,सिविल जज,जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी के माध्यम से सरकार को ज्ञापन प्रस्तुत करेंगे।

### बोर्ड परीक्षा की अवधि में विद्युत कटौती ना करने की मांग

**परसपुर, गोंडा।** बोर्ड परीक्षा के दौरान रोस्टिंग के नाम पर हो रही विद्युत कटौती को बंद करने की मांग तेज हो गई है। इस समस्या को लेकर परसपुर विकास मंच के अध्यक्ष डॉक्टर अरुण कुमार सिंह व अविनाश सिंह ने पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि नगर पंचायत परसपुर में विद्युत विभाग की तरफ से जो सप्लाई रोस्टिंग किया जा रहा है, उसे बदला जाए। 24 फरवरी से बोर्ड परीक्षा शुरू हो रही है। सुबह छह बजे से रोस्टिंग के नाम पर बिजली काट दी जाती है। जो चार घंटे बाद मिल पाती है, जिससे परीक्षार्थियों, बच्चों के पढ़ने व विद्यालय जाने के समय काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए रोस्टिंग में सुधार कर सुबह 10 बजे तक रोस्टिंग मुक्त करने और बोर्ड परीक्षा की अवधि में विद्युत कटौती ना करने की मांग की है।

### शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पद हेतु आवेदन आमंत्रित

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि जनपद में जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) के 01 व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) के 02 रिक्त पदों को भरने हेतु अर्हता रखने वाले इच्छुक अधिवक्ता निर्धारित प्रारूप पर अपने आवेदन पत्र समस्त प्रमाणित विवरण पत्र, शैक्षिक प्रमाण-पत्र के साथ 03 मार्च 2025 के अपरान्ह 5 बजे तक जिलाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के उपरान्त अथवा अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि ऐसे अधिवक्ता जिन्होंने न्यूनतम 10 वर्ष की प्रैक्टिस पूर्ण कर ली है जिला शासकीय अधिवक्ता तथा 07 वर्ष की प्रैक्टिस पूर्ण करने वाले अधिवक्ता सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता के पद हेतु अर्ह होंगे।

### बोलेरो और पिकअप में आमने-सामने भिड़ंत, आधा दर्जन गंभीर रूप से घायल

**बहराइच।** यूपी के बहराइच जनपद के थाना सुजौली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गिरजापुरी में बुधवार दोपहर गिरजापुरी पेट्रोल पंप के पास एक हादसा हो गया इस हादसे में बोलेरो कार और पिकअप की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में बोलेरो चालक समेत आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। बता दें कि बहराइच जनपद के सुजौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गिरजापुरी के पास गिरजा पुली पेट्रोल पंप के निकट एक तेज रफ्तार पिकअप और एक तेज रफ्तार बोलेरो कार की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी की दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए।

# मृतक धर्मात्मा के घर जनप्रतिनिधियों व शुभचिंतकों का दौरा जारी

## पांचवें दिन भी गांव में रही सरगर्मी

शकुन टाइम्स संवाददाता

**गांगी बाजार/ महाराजगंज।** गमगीन माहौल के पांचवें दिन नरकटहा गांव में मृतक धर्मात्मा निषाद के घर जनप्रतिनिधियों एवं शुभ चिंतकों के आने जानें का सिलसिला जारी रहा। बृहस्पतिवार को भी पुलिस प्रकरण में साक्ष्य एकत्रित करने में जुटी रही।

पनियरा थाना क्षेत्र के नरकटहा निवासी धर्मात्मा निषाद की आत्महत्या राजनीतिक गलियारों में सुर्खियों का विषय बनी हुई है। हाई प्रोफाइल मामला होने के कारण पुलिस भी सोच समझ कर फूक फूक कर जांच कर रही है। सरकारी सहयोग के लिए मृतक के घर एडीओ पंचायत गुड्डू प्रसाद, सचिव सुरेंद्र गौड़, लेखपाल दीपक सिंह परिजनों से मिले। मृतक के परिजनों को ढाढस बंधाने पहुंचे पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र



सिंह के पुत्र भाजपा नेता निर्भय सिंह ने कहा कि घटना हृदय विदारक है। निष्पक्ष न्याय को लेकर माननीय मुख्यमंत्री जी के संज्ञान में डाला जाएगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष पनियरा उमेश प्रजापति, गणेश पांडे,विवेक पटेल,रमेश यादव, सैफ खा, बबलू यादव, सतीश सिंह एवम् भारतीय अपना समाज पार्टी अध्यक्ष राजन सिंह सूर्यवंशी, रामावतार निषाद समेत कई लोगशोकाकुल परिवार से मुलाकात की।

# मनरेगा श्रमिकों का दस दिवसीय प्रशिक्षण पूर्ण

शकुन टाइम्स संवाददाता

**महाराजगंज।** दस दिवसीय मशरूम उत्पादन संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), पुरैना, में डीसी मनरेगा करुणाकर अदीब द्वारा किया गया। इस अवसर पर विकास खण्ड परतावल के 35 प्रशिक्षुओं के 1 बैच को सहभागिता प्रमाण पत्र देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक व संबंधित स्टाफ़ उपस्थित रहा। प्रोजेक्ट उन्नति मनरेगा श्रमिकों के कौशल विकास के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम है. इसके ज़रिए मनरेगा के तहत 100 दिन का रोज़गार प्राप्त करने वाले श्रमिकों को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाता है जिससे उनकी आजीविका में सुधार होता है.




इस कार्यक्रम के तहत जॉबकार्डधारक परिवार के एक वयस्क सदस्य को प्रशिक्षण दिया जाता है. प्रशिक्षण अवधि में प्रतिदिन मनरेगा में प्रचलित मज़दूरी दर के मुताबिक भुगतान मिलता है. प्रशिक्षण अवधि, ट्रेड के मुताबिक 10 से 45 दिनों की होती है. प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को भोजन, हल्का नाश्ता भी नि:शुल्क दिया जाता है।

## मासूम के साथ दुष्कर्म का आरोपी गया जेल

**कुशीनगर।** जिले के बिशुनपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में 6 वर्ष की मासूम के साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने परिजन की तहरीर पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चले कि उक्त थाना क्षेत्र के एक गांव में एक समुदाय विशेष की व्यक्ति के दरवाजे पर खेल रही थी कि मासूम बच्ची को खेलने वाली चिड़िया का खिलौना देने के बहाने घर में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची रोते बिलखते अपने घर पहुंच परिजन से आपबीती सूनाई तो परिजनों के होश उड़ गया। परिजन ने इसकी सूचना विशुनपुरा पुलिस को देते हुए आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग किया। पुलिस ने तहरीर के मुताबिक आरोपी साबिर पुत्र रहीम के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी के धड़पकड़ में जुट गई और आज आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# कार्यदायी संस्थाएं लंबित परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करे : सीडीओ

शकुन टाइम्स संवाददाता

**महराजगंज।** मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के तहत संचालित निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम से संचालित परियोजनाओं की जानकारी ली। अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि फेज-द्व्द्य में जेएमसी की कुल 341 परियोजनाएं हैं, जिनके तहत 446 ग्राम पंचायतें आच्छादित हैं। इसी प्रकार फेज-द्व्द्यद्य में रिथविक कोया की 205 परियोजनाएं हैं, जिनसे 345 ग्राम पंचायतें आच्छादित हैं, जबकि रिथविक-कोया की 174 परियोजनाएं हैं और उनसे 302 ग्राम पंचायतें आच्छादित हैं।

जिलाधिकारी ने तीनों कार्यदाई संस्थाओं से ट्यूब वेल, ओएचटी, पंप हाउस निर्माण सहित अन्य बिंदुओं पर हुई प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि जो परियोजनाएं 80त्न से 90त्न



पूर्ण हो चुकी हैं, उनको शत-प्रतिशत पूर्ण कराएं। उन्होंने जेएमसी को पाइप लाइन के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही समस्त परियोजनाओं में बाउंड्री वाल का शुरू करने हेतु निर्देशित किया। तीनों कार्यदाई संस्थाएं अपनी सभी परियोजनाओं को तेज करें और जल्द से जल्द पूर्ण करें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि अगली बैठक में तीनों संस्थाएं परियोजनावार प्रगति के विवरण के साथ उपस्थित रहें। मुख्य विकास अधिकारी ने जीएमसी और ऋत्विक-कोया को पाइप लाइन बिछाने के कार्य को तेज करने हेतु निर्देशित किया। कहा कि क्षतिग्रस्त सड़कों के अनुरक्षण कार्य को तीव्रता से पूरा करें। बैठक में एक्सईएन जल निगम आतिफ हुसैन, सहायक अभियंता जल निगम महेश चंद्र आजाद सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चुनाव व जमीन की रंजिश में चली गोली, चार घायल


**घायलों का मेडिकल कालेज में चल रहा इलाज, जांच में जुटी पुलिस**



संवाददाता


**परसपुर/गोंडा।** परसपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत परेटा गांव के बघईपुरवा में बृहस्पतिवार की सुबह चुनावी व जमीनी रंजिश में फायरिंग की सनसनीखेज वारदात हुई है। घटना में चार लोग घायल हुए हैं।

पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है। इस घटना में हीरालाल मिश्रा पुत्र भगवती प्रसाद (45), कामिनी पुत्री हीरालाल (20), अन्नपूर्णा पत्नी हीरू (22) व दो वर्ष की मासूम अनन्या पुत्री रवि प्रकाश घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकसपुर ले जाया गया। वहां से डाक्टर ने सभी को मेडिकल कालेज रेफरी कर दिया। मेडिकल कालेज में सभी का इलाज चल रहा है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है।



# विधायक ने सदन में उठाया बेरोजगारी, भ्रस्टाचार का मुद्दा

शकुन टाइम्स संवाददाता



**मारूफपुर (चंदौली)।** सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने बुधवार को लखनऊ विधान सभा मे राज्यपाल के समक्ष भ्रस्टाचार, नौजवान, किसानों, बेरोजगारों, सड़क आदि का मुद्दा उठाया। विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने प्रयागराज में हुए दुर्घटना में मृत आत्माओं के प्रति शोक सम्बेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में किसान, बेरोजगार नौजवान परेशान है। मंहगाई चरम सीमा पर है। कानून व्यवस्था खराब चल रही है। किसान आत्महत्या कर रहे है। नौजवान बेरोजगार सड़को पर घूम रहे है। कई बार नौकरी के नाम पर पर्चा आउट हो गयी। नौकरी नही मिली, अमीरी गरीबी की खाई बढ़ी है। महिलाओं पर अत्याचार बढ़ा है। बलात्कार की घटनाएं बढ़ रही है। सरकार पीड़ित की मदद करने के बजाय अपराधियो की मदद कर रही है। गरीबो की सुनवाई न तो थानों पर हो रही है और नही जिला मुख्यालय पर हो रही है। बिजलीं बिल के नाम पर उपभोक्ताओं का शोषण किया जा रहा है। यहां जाति पूछकर काम किया जा रहा है। जनपद चन्दौली में नाही सड़को की मरम्मत हुई और नाही गढ्ढे पाटे गए। टेंडर प्रक्रिया में धन उगाही हो रही है। सत्ताधारियों द्वारा दस प्रतिशत लेकर टेंडर बेचा जा रहा है। कहा कि राजस्व विभाग द्वारा घरौनी के नाम पर गरीबो का शोषण किया जा रहा है। सड़क चौड़ीकरण के नाम पर गरीबो के मकान पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। पड़ाव, मुगलसराय, गोधना मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है। उसमें पड़ाव से सुभाष पार्क तक साढ़े सात किलोमीटर तक 6 लेंन की सड़क बनाई जा रही है और गोधना तक चार लेंन सड़क बनाई जा रही है। जबकिं बीच मे रेलवे है है जहाँ जाम लगती है वहां चौड़ीकरण नही हो रही है। स्थानीय नेताओं द्वारा जनता को बरगलाने का बयान दिया जा रहा है। 27 साल बीतने के बाद भी जिला मुख्यालय का निर्माण ठीक से नही हुआ। एक भी काम ठीक से नही किया जा रहा है। अस्पतालों में दवा नही है।

# महाशिवरात्रि पर होंगा विशाल मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम



शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनियाँ।** क्षेत्र के बैराठ ग्राम सभा मे स्थित गौरी शंकर महादेव परिसर मे महाशिवरात्रि पर सुबह गौरी शंकर महादेव का श्रृंगार, क्षेत्रीय श्रद्धालुओ द्वारा पूजा अर्चन विशाल मेला व बिरहा गायक ओमप्रकाश दीवाना व रजनी गंधा के द्वारा 26 फरवरी को सुबह 10 बजे से बिरहा दंगल का आयोजन किया किया जायेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि प्रो0 रजनीश कुंवर प्राचार्य हरिश्चन्द्र पीजी कालेज वाराणसी व प्रो0 प्रदीप कुमार पाण्डेय प्राचार्य सकलडीहा पीजी कालेज रहेंगे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी महंत फलहारी बाबा ने दिया है।

# संक्षिप्त सामाचार

## सरसों के खेत में मिला युवक का शव, सनसनी

**धानापुर।** थानाक्षेत्र के रसूलपुर गांव में बृहस्पतिवार को शाम लगभग 5 बजे सरसों के खेत में लावारिश शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों द्वारा सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और शिनाख्त करने में जुट गई है। बताया जाता है कि रसूलपुर नहर से कुछ दूरी पर स्थित सरसों के खेत में एक लगभग 32 वर्षीय युवक की लाश पड़ी थी। खेत स्वामी जब अपने खेत को फसल देखने खेत में गया तो लाश देखकर सन्न रह गया। इसकी सूचना उसने ग्रामीणों सहित स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन पहचान न होने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस बाबत थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है क्योंकि शव के पास सलफाश की गोली, शराब की खाली बोतल और मोबाइल मिला है। शव को देख कर यह प्रतीत हो रहा है कि 5-6 दिन पुराना लाश है। शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

## जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण, डीएम ने दिए साफसफाई और समय पर जांच रिपोर्ट देने के निर्देश

**उरई/जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं और मरीजों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। डीएम ने आपातकालीन कक्ष, जनरल वार्ड, महिला वार्ड, दवा वितरण केंद्र और पैथोलॉजी लैब का दौरा किया। मरीजों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में साफ-सफाई सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मरीजों और उनके परिजनों को स्वच्छ वातावरण देना अस्पताल की जिम्मेदारी है। दवा वितरण केंद्र पर जिलाधिकारी ने दवाओं की उपलब्धता की जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजों को बिना देरी दवाएं दी जाएं। पैथोलॉजी लैब में उन्होंने लैब टेक्नीशियनों को जांच रिपोर्ट समय पर देने के निर्देश दिए। मरीजों को रिपोर्ट के लिए बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें।

## एनएच-719 पर डंपर से टकराई तेज रफ्तार कार,दूल्हे के भाई समेत तीन की मौत, दो गंभीर घायल

**उरई/जालौन।** भिंड जिले के मेहगांव क्षेत्र में नेशनल हाईवे-719 पर एक सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गई। मेहगांव पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए पीएम हाउस भेज दिया है। वहीं दो घायलों को उपचार के लिए ग्वालियर रेफर किया गया है। हादसा बुधवार-गुरुवार की रात 1 बजे के बाद हुआ। जानकारी के अनुसार मुताबिक मृतक आकाश के छोटे भाई विकास की शादी थी, कल मंडप था। मंडप के बाद देर रात आकाश राठौर (25), मंगल राठौर (26), उमेश राठौर, धीरज राठौर (20) और सुनील कार से कही जाने के लिए निकले थे। तब ही बरहद के नजदीक उनकी तेज रफ्तार कार की सड़क किनारे खड़े डंपर से टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में दूल्हे के भाई आकाश समेत मंगल और उमेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि धीरज और सुनील गंभीर रूप से घायल हो गए। एसडीओपी संजय कोच्छा के अनुसार, यह दुर्घटना देर रात की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल का पंचनामा तैयार किया। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है। मृतक और घायलों के परिजन अजय राठौर ने बताया कि मेरे भाई सुरेश राठौर के छोटे बेटे विकास की शादी के कार्यक्रम चल रहे थे। कल मंडप था। रात करीब 12 बजे तक घर में शादी का उत्सव चल रहा था, नाच गान हो रहा था। फिर रात में करीब एक बजे बारिश होने लगी। सभी सोने के लिए चले गए।

# एवती गांव में साढ़े चार करोड़ की लागत से बनेगा कस्तूरबा विद्यालय

## ग्रामीण अंचल के छात्राओं को मिलेंगी सहूलियत

शकुन टाइम्स संवाददाता



**धानापुर।** विकास खंड क्षेत्र के एवती गांव में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का भवन बनने के लिए हरी झंडी मिल गई है। इसके लिए शासन से साढ़े चार करोड़ रुपए स्वीकृत हो चुका है। पूर्व जिपंस सुशील सिंह जनौली ने मौके पर पहुंचकर विद्यालय के जमीन का सीमांकन करवाया।

ताकि उक्त भूमि पर कस्तूरबा विद्यालय का भवन बन सके। धानापुर विकास खंड के एवती गांव में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बनवाने को लेकर पूर्व जिपंस सुशील सिंह जनौली ने विधायक सुशील सिंह से मांग किया। इसको देखते हुए सैयदराजा विधायक सुशील सिंह ने एवती गांव में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बनवाने का पहल किया। इसके लिए शासन से 4 करोड़ 53 लाख रुपए स्वीकृत हो चुका है आवासीय विद्यालय बनने से क्षेत्र के ग्रामीणों के बच्चों को काफी सहूलियत हो जाएगी। गरीब परिवार के छात्राओं को शिक्षा उपलब्ध कराने के लिएं विधायक सुशील सिंह का सराहनीय प्रयास है। पूर्व जिपंस सुशील सिंह जनौली मौके पर पहुंचकर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बनने के जमीन का अधिकारियों से साथ मौका मुआयना किया। इस मौके पर प्रधान मुकेश यादव, अवर अभियंता अरविंद कुमार, सहायक अभियंता अजय यादव, टुनटुन सिंह, अंगद सिंह, संतोष सिंह, अशोक सिंह, पप्पू तिवारी, टप्पू सिंह आदि रहे।

# दबंगो ने लाठी-डंडे से हमला कर मां बेटे का सिर फोड़ा, हालत गंभीर

शकुन टाइम्स संवाददाता



**सकलडीहा।** कोतवाली क्षेत्र के बरठी गांव में गुरुवार को सुबह खेत मे जाने के विवाद को लेकर दबंगो ने महिला पर ईट,पत्थर और लाठी-डंडे से हमला कर दिया। मां पर हमला होता देख बचाने गए पुत्र को भी जमकर पीटा जिससे मां और बेटे का सिर फट गया और वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

पीड़ितों ने कोतवाली पहुच मामले की शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग किया है। बरठी गांव निवासी निशा देवी (55) पत्नी संतोष राजभर ने आरोप लगाया कि सुबह खेत की ओर गई हुई थी ।तभी विपक्षी गांव के ही दबंगों ने गाली-गलौच देते हुए हमला कर दिया। उनपर हमला होता देख बचाने आए पुत्र मनीष राय (28) पर हमला कर दिया गया। जिससे हमले में दोनों का सिर फट गया ।और गम्भीर रूप से घायल हो गए ।परिजन और आस-पड़ोस के लोगो ने पुलिस को सूचना देते हुए अस्पताल पहुचाया ।जहा इलाज कराया ।साथ ही कोतवाली पहुच मामले की जानकारी दी। इस संबंध में कोतवाल हरिनारायण पटेल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है ।आरोपियों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# विधायक मडियाहू ने विद्युत केंद्र ओवरब्रिज और अस्पताल प्रस्ताव पर किया चर्चा

शकुन टाइम्स संवाददाता



**नेवढ़िया /जौनपुर।** विधायक डॉ आर के पटेल महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान लखनऊ विधानसभा भवन में मडियाहू के विकास कार्यों की चर्चा करते हुए गरीबो को जीरो पावर्टी मे आवास देने हेतु सरकार को धन्यवाद दिया ।उन्होंने रायपुर, रजमलपुर, गोरा पट्टी में 33 केवीए का विद्युत उपकेंद्र और ठाठर में बिजली घर बनाने की मांग रखी और बताया कि अब मडियाहू विधानसभा में लोगों को बिजली की समस्या नहीं होगी तथा बिजली की कम बोल्टेज की समस्या खत्म हो जाएगी द्य उन्होंने बताया कि मडियाहू में काफी समय से जाम की समस्या चली आ रही है अगर मड़ियाहू में ओवरब्रिज का निर्माण जल्दी हो जाए तो जाम की समस्या खत्म हो जाएगी और आम जनमानस को काफी सहूलियत होंगी द्य उन्होंने बताया कि मड़ियाहूँ विधानसभा में एक स्टेडियम मैदान का निर्माण होना सुनिश्चित भी हो गया है उसके लिए उन्होंने खेल मंत्री माननीय गिरीशचंद यादव को धन्यवाद दिया द्य विधायक ने होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक अस्पताल के मरम्मत की बात कही और उन्होंने मेडिकल क्षेत्र में विकास के विषय में चर्चा किये द्य विधायक लगातार अपने विधानसभा में कार्यों के प्रति सजग है और लगातार अपने विधानसभा के समस्याओ को विधान भवन में रखते आये है द्यलगातार विकास कार्य को गति देने का कार्य कर रहे जो आम जनमानस के हित मे होता है द्य मरियाहू बाईपास पर ओवर ब्रिज बन जाने से घंटो जाम में फंसे लोगों को काफी राहत होगी द्य विधायक ने मड़ीयाहू विधानसभा में चेक डैम का प्रस्ताव रखा और सई नदी तथा अन्य जगहों पर पुल के निर्माण हेतु मांग विधानसभा में उठाएं

# फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या, मचा कोहरा

शकुन टाइम्स संवाददाता



**सकलडीहा।** कोतवाली क्षेत्र के नोनार गांव (तुलसी आश्रम) में बीती रात एक बीए के छात्र ने संदिग्ध परिस्थितियों फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया ।घटना के समय घर में कोई नही था ।सूचना पर पहुची पुलिस और फॉरेंसिक की टीम शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है।

नोनार गांव के रामप्यारे मौर्या को तीन पुत्री किरण,सोनी,पूजा और एक पुत्र सेवालाल मौर्या थे। तीनो पुत्रियों की शादी हो चुकी है ।जबकि सेवालाल मौर्या (22) सबसे छोटा और अविवाहित था ।और वह अपनी माँ के साथ घर पर रहता था ।वही उसके पिता रामप्यारे मौर्या खेत मे बने पंपिग सेट पर ही रहा करते है ।बुधवार शाम सेवालाल की मां मुगलसराय गई हुई थी,ट्रेन न मिलने के कारण वह रात में घर नही आ पाई ।सेवालाल घर मे अकेले था। सुबह करीब 4 बजे जब मां आई तो वह टिन शेड के पाइप में गमछे का फंदा लगाकर लटका हुआ था ।यह देख वह चीखने चिल्लाने लगी ।आस-पड़ोस के लोगो ने फन्दे से नीचे उतारा ।और पुलिस को सूचना दी ।एकलौते बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया ।मां जामवंती देवी,पिता रामप्यारे सहित बहनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा है।

# महादेव मंदिर में शिवलिंग का हुआ प्राण प्रतिष्ठा



शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनियाँ।** क्षेत्र के नाथूपुर गांव में गुरुवार को ग्रामीणों के सहयोग से महादेव जी के शिवलिंग का प्राण प्रतिष्ठा किया गया। जिसमे महिलाओं द्वारा मां गंगा तट से कलश यात्रा निकाली गई।

जिसमें नाथूपुर गांव के सभी लोग एकत्रित रहे ।टांडा कला ग्राम सभा के नाथूपुर गांव में सार्वजनिक मां काली मंदिर में ग्रामीणों के सहयोग से महादेव जी के शिवलिंग का प्राण प्रतिष्ठा विद्वान पंडित द्वारा किया गया। जिसमें गांव के महिलाएं बुजुर्ग बच्चों ने महादेव जी के शिवलिंग को गंगा तट पर पहुंच कर शिवलिंग को स्नान कराया एवं महिलाओं ने मिट्टी का कलश में मां गंगा का जल भरकर शोभा यात्रा निकाली गई।

यह यात्रा बाजार गांव भ्रमण करते हुए पांच देवालयों में जाकर पहले से प्राण प्रतिष्ठित महादेव जी के शिवलिंग का पूजा अर्चन किया गया। एवं शोभा यात्रा नाथूपुर गांव में मां काली मंदिर पर पंहुचा। एवं विद्वान पंडित द्वारा महादेव जी के शिवलिंग का प्राण प्रतिष्ठा किया गया। जिसके बाद श्रद्धालुओं को पूजा पाठ करने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। जिसमें महाप्रसाद का भी वितरण किया गया। मुख्य रूप से कार्यक्रम में राज बहादुर सिंह ठेकेदार, शैलेंद्र सिंह एडवोकेट,अमित सिंह दादा, तूफानी सिंह, नवीन सिंह, एवं वैज्ञानिक सिंह आदि लोग सम्मिलित रहे।

## गड्ढे मुक्त हो रहा कानपुर-इटावा हाइवे

# जाजमऊ से लेकर भौंती तक बन रही बिटुमिनस कंक्रीट से सड़क

संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर से इटावा जाने वाले हाइवे पर एनएचएआई नेमजाजमऊ से लेकर भौंती तक बिटुमिनस कंक्रीट से सड़क बनानी शुरू कर दी है। जाजमऊ पुल के पास सड़क खस्ता है। इसके अलावा हाइवे पर कई जगहों पर छोटे से लेकर बड़े गड्ढे हैं। ऐसे में कुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं को भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। एनएचएआई बिटुमिनस कंक्रिट से हाइवे की सड़क का निर्माण करा रहा है। हाइवे की खराब परत को हटाया जा रहा है। एनएचएआई के परियोजना निदेशक अमन रोहिल्ला ने बताया कि हाइवे की परत को हटावाकर बिटुमिनस कंक्रीट से सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। बिटुमिनस कंक्रीट एक प्रकार की निर्माण सामग्री है, जिसका उपयोग राजमार्गों, सर्विस रोड, पार्किंग स्थल आदि को पक्का करने के लिए व्यापक रूप से किया जाता है। यह उत्पाद पत्थर और अन्य समग्र तत्वों के मिश्रण से बना होता है, जिसे एक बंधन एजेंट द्वारा एक साथ रखा जाता है।

इस बंधनकारी पदार्थ को ही बिटुमिन कहते हैं, जो पेट्रोलियम शोधन प्रक्रिया का एक उपोत्पाद है। गर्म होने पर यह टार के समान गाढ़ा और चिपचिपा हो जाता है। ठंडा होने पर यह एक सघन सतह में जम जाता है।

# लायन्स क्लब और आरजे शंकरा आई हास्पिटल मिलकर करायेंगे निःशुल्क ऑपरेशन

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जौनपुर।** अब जौनपुर व आसपास के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की भी आंखों की निशुल्क जांच व आपरेशन विश्व स्तरीय आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित शंकरा आई हास्पिटल मे होगी। इसके लिए लायन्स क्लब और आरजे शंकर आई हास्पिटल मिलकर कार्य करने जा रहे हैं, इस सम्बन्ध में लायन्स क्लब का एक प्रतिनिधिमण्डल जीएटी एरिया लीडर डा क्षितिज शर्मा के नेतृत्व में शंकरा आई हास्पिटल वाराणसी गया और वहाँ सभी सुविधाओं का अवलोकन किया। तथा शंकरा आई हास्पिटल की एक टीम जौनपुर आयी, मीटिंग मे ये निर्धारित हुआ कि यहाँ आसपास कैप लगाकर मरीजों की आंखों की जांच होगी और मरीजों को चिन्हित कर वाराणसी स्थित शंकरा आई हास्पिटल मे सर्जरी कराई जायेगी और दवा व चश्मा भी प्रदान किया जायेगा।

इस अवसर पर शंकरा आई हास्पिटल के जीएम डा आर वी रमनी ने बताया कि वाराणसी में हरहुआ रिंग रोड पर बना यह आरजे शंकरा आई हॉस्पिटल यूपी का सबसे बड़ा और हाईटेक आई हॉस्पिटल है, कांची कामकोटि मेडिकल ट्रस्ट के इस अस्पताल में मरीजों को वर्ल्ड क्लास सुविधाएं मिलती है। 110 करोड़ की लागत से बने इस आई हॉस्पिटल को बेहद ही हाईटेक बनाया गया है। अक्टूबर माह मे मा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इसका उद्घाटन किया था।

उन्होंने आगे कहा कि हर साल 30 हजार मरीजों के आंखों की निशुल्क सर्जरी का लक्ष्य है इससे जरूरतमंद मरीजों को बड़ा लाभ होगा। इसके अलावा मोबाइल वैन के माध्यम से आंखों की जांच सहित अन्य सुविधाएं भी फाउंडेशन की ओर से मुहैया करवाई जा रही है, तथा सझम लोगो के लिए बहुत ही रियायत दर सभी सुविधाएं उपलब्ध है। जीएटी एरिया लीडर डा क्षितिज शर्मा ने कहा कि इस हॉस्पिटल के साथ जुड़कर नेक काम करने का अच्छा अवसर है, हम लोगो का उद्देश्य लोगों के जीवन से अंधकार दूर कर उन्हें प्रकाश की ओर ले जाना है। यहां बहुत बड़ी संख्या में गरीबों को मुफ्त इलाज मिलने वाला है। इस आई हास्पिटल का सीधा फायदा न सिर्फ वाराणसी बल्कि आस पास के जिलों को भी मिलेगा।

आरजे शंकरा आई हॉस्पिटल के सीएमएस ने बताया कि इस अस्पताल में आंखों की समस्या से जुड़ी हर छोटी-बड़ी बीमारी का इलाज और उससे जुड़े ऑपरेशन यहां एक जगह एक ही छत के नीचे होंगे। इस अस्पताल में वर्ल्ड लेवल की हाईटेक मशीनें हैं। इस अवसर पर सै मो मुस्तफा, मनीष गुप्ता, राजेश राज गुप्ता, प्रदीप सिंह, धर्मेन्द्र गुप्ता, संतोष साहू बच्चा, अतुल सिंह, धीरज गुप्ता, विष्णु सहाय, डा राजेश मौर्य, अजीत सोनकर, विजयाजयंती व अमित साहू सहित लायन्स मेन, लायन्स गोमती, लायन्स क्षितिज, लायन्स सूरज, वाराणसी सिटी आदि क्लब के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त सामाचार

### दो दिन से रद्द चल रही मेमू पैसेंजर ट्रेन में कुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**औरैया ( ब्यूरो )।** कुंभ में स्नान करने जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। गुरुवार को दो दिन से निरस्त चल रही टूंडला कानपुर मेमू कंचौसी स्टेशन पर पहुंची तो ट्रेन खचाखच भरी पहुंची। प्लेटफार्म भी फुल नजर आए। ट्रेनों में चढ़ने, उतरने के लिए यात्रियों को धक्का-मुक्की करनी पड़ी। वहीं सुरक्षा को लेकर रेलवे प्रशासन अलर्ट रहा। दो दिनों निरस्त चल रही मेमू पैसेंजर ट्रेनों के कारण सामान्य दिनों की अपेक्षा ट्रेनों से सफर करने वाले यात्रियों की संख्या दो गुनी बढ़ी है। कुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इससे कंचौसी रेलवे स्टेशन पर भीड़ दिखी।स्टेशन पर कानपुर की ओर जाने वाली 64588 टूंडला कानपुर मेमू खचाखच भरी पहुंची। कई यात्रियों लटक कर यात्रा की। इधर कानपुर से इटावा की ओर जाने वाली मेमू पैसेंजर ट्रेनों को रेलवे ने 28 फरवरी तक निरस्त कर दिया है। कानपुर की ओर जाने वाली ट्रेनें बीते दो दिनों से निरस्त चल रही थीं। कानपुर की ओर जाने वाली 64588 पहली मेमू पैसेंजर ट्रेन थी।इधर यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेलवे प्रशासन भी अलर्ट रहा। स्टेशन से एनाउंसमेंट किया जाता रहा कि यात्री आराम से चढ़े, उतरे।

### बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में दोनों बाइकों के चालक गंभीर घायल, रेंफर

**औरैया ( ब्यूरो )।** कस्बा अछल्दा क्षेत्र में बिधूना आदर्श नगर निवासी राजेश सिंह यादव पुत्र छेदालाल यादव गुरुवार 11 बजे के करीब अपने घर से बाइक से पानी बेटी के यहां पुरवा थना अछल्दा आ रहे थे। वही अंकित पुत्र नरेश कुमार निवासी सरैया खड़नी जनपद कन्नौज अपनी भाभी गुड़िया देवी के साथ औरैया से बाइक से घर वापस जा रहे थे। तभी कस्बा रुरूगंज स्थित आदर्श इंटर कालेज के समीप दोनों बाइकों के आमने-सामने भिंडत हो गई। दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर ही गिर पड़े। सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा देख स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना एंबुलेश को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेश ने आनन-फानन में घटना स्थल पर पहुंचकर दोनों घायलों को सीएचसी अछल्दा में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर गौरव कुमार ने प्रथम उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर होने के कारण हायर सेंटर रेफर कर दिया। इस संबध में डॉक्टर गौरव कुमार ने बताया राजेश कुमार के हेड इंजरी और हाथ फेंक्चर व अंकित कुमार जबड़े, सिर में चोटे आई है।जिन्हें एंबुलेश की सहायता से हायर सेंटर भेज दिया गया है।

### द जैन इंटरनेशनल स्कूल का औरैया में हुआ सेमिनार

**औरैया ( ब्यूरो )।** गुरुवार को हाइवे स्थिति रेस्टोरेंट में आजाद नगर कानपुर के द जैन इंटरनेशनल स्कूल के तत्वाधान में एक सेमीनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अनूप गुप्ता रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने कहा बदलते परिवेश में आज का छात्र और पुराने जमाने के छात्रों में काफी अंतर है, पहले छात्र पट्टी और स्लेट में पढ़ाई करता था और अब छात्र मोबाइल और एलसीडी स्क्रीन दिखाकर पढ़ाई की जाती है। इस परिवर्तन के दौर में हर छात्र अपने मन पसन्द विषय चुनकर आगे बढ़ता है और नौकरी करता है। प्रबंध समिति का उद्देश्य औरैया के निवासियों को एनईपी 2020 के अनुसार अपने बच्चों के लिए एक अच्छा स्कूल चुन सके, इस विषय पर जागरुक किया।

# दो सड़क हादसे में 9 लोगों की हुई मौत, कई घायल

## जिलाधिकारी और आरक्षी अधीक्षक पहुंचे मौके पर घायलों को कराया जिला चिकित्सालय में भर्ती

शकुन टाइम्स संवाददाता





**बदलापुर /जौनपुर।** दो अलग -अलग सड़क हादसे में 9 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जबकि कई श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वही पुलिस ने सभी के शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। घटना की जानकारी होते ही मौके पर डीएम व एसपी भी पहुंच गए।

बता दे कि गुरुवार की भोर में बदलापुर थाना क्षेत्र के सरखोंनपुर पास हाइवे किनारे डबल डेकर बस और एक ट्रक में जोरदार टक्कर हो गई. जिसके चलते चार लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए. वही दूसरी घटना टाटा सूमो गाड़ी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। सूमो में सवार लोग झारखंड के रहने वाले हैं। वें सभी श्रद्धालु प्रयागराज से स्नान कर की काशी गए थे वहीं काशी से अयोध्या जा रहे थे। आधे घंटे बाद घटनास्थल से सौ मीटर दूर श्रद्धालुओं से भरी बस हाइवे पर खड़े चावल लदे ट्रक में पीछे से भिड़ गई। इस हादसे में बस चालक और दो यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। लगभग 40 लोग घायल हो गए। दोनों सड़क हादसे में कुल 9 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 3 पुरुष, 5 महिला व एक सात का बच्चा शामिल हैं। पुलिस में मृतको के परिवार को सूचना दे दी हैं। मृतकों का नाम भगवान सिंह पुत्र स्वगीर्य राम जी मादीपुर, पंजाबी बाग दिल्ली। अनीता पत्नी बसंत लाल मादीपुर पश्चिमी दिल्ली, शकुंतला पत्नी इंद्र कुमार, मादीपुर पंजाबी बाग दिल्ली, दिनेश पुत्र बसंत लाल मादीपुर पंजाबी बाग दिल्ली, सुशीला पत्नी नाथूराम वलितम नगर, भिवानी हरियाणा, बिहान पुत्र भोला सिंह, निवासी अज्ञात वही घायलों का नाम तारा देवी पत्नी रामलाल निवासी माडीपुर नई दिल्ली, रंजीत पत्नी नरेश निवासी अलीगढ़ पश्चिम विहार, दिल्ली मीना पत्नी सुरेश चंद, मादीपुर पश्चिमी न्यू दिल्ली, डीके दुबे पुत्र पी के दुबे मादीपुर न्यू दिल्ली, मायावती पत्नी हरि प्रकाश दिल्ली निवासी जेजे कॉलोनी नई दिल्ली , कविता पत्नी आनंद मादीपुर दिल्ली, सरोज पत्नी खेम चंद मादीपुर पंजाबी बाग न्यू दिल्ली पंजाबी तारा देवी पत्नी रामलाल निवासी मादीपुर नई दिल्ली, रंजीत पत्नी नरेश निवासी अलीगढ़ पश्चिम विहार, दिल्ली मीना पत्नी सुरेश चंद, मादीपुर पश्चिमी न्यू दिल्ली, डीके दुबे पुत्र पी के दुबे मादीपुर न्यू दिल्ली मादीपुर, मायावती पत्नी हरि प्रकाश दिल्ली निवासी जेजे कॉलोनी नई दिल्ली , कविता पत्नी आनंद मादीपुर पंजाबी बाग दिल्ली, सरोज पत्नी खेम चंद करोल बाग भावनगर न्यू दिल्ली, सुभाष पुत्र हनुमान प्रसाद मादीपुर पंजाबी बाग प्रसाद नगर न्यू दिल्ली, गीतांजलि पत्नी संजय कुमार पंजाबी बाग न्यू दिल्ली, आशीष पुत्र संजय रोहनी नगर न्यू दिल्ली, लक्ष्मी पत्नी सुभाष जय कॉलोनी न्यू दिल्ली, भगवान सिंह पुत्र स्वगीर्य राम जी पंजाबी बाग न्यू दिल्ली, अनीता पुत्री वसंत लाल पश्चिम पुरी नई दिल्ली, शकुंतला पत्नी इंद्रेश कुमार पंजाबी बाग बाग न्यू दिल्ली, दिनेश पुत्र बसंत लाल पंजाबी बाग न्यू दिल्ली, बहुत सुशीला पत्नी नाथूराम उत्तम नगर भवानी हरियाणा, बेचन पुत्र भूमि सिंह पता अज्ञात राधा देवी पत्नी रामचंद्र मादीपुर पंजाबी बाग न्यू दिल्ली, रामवती पत्नी संतराम मादीपुर पंजाबी बाग न्यू दिल्ली, दिनेश पुत्र बसंत लाल मादीपुर पंजाबी बाग न्यू दिल्ली, सुशीला पत्नी नाथूराम उत्तम नगर दीवानी हरियाणा, बेचन पुत्रभानु सिंह सुल्तानपुर जनपद के हैं। सभी का ईलाज चल रहा हैं।

# 22 फरवरी को शालोम ट्रस्ट करेगी क्षय रोगियों को पोषाहार किट वितरण

## मुख्य अतिथि होंगे सीडीओ, एसपी व सीएमओ



शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** 22 फरवरी दिन शनिवार लगभग सुबह 12ः00 बजे गढ़ रोड स्थित एल एन पब्लिक स्कूल के पास शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट कार्यालय पर किया जाएगा क्षय रोगियों को पौष्टिक आहार वितरण, इस पूरे कार्यक्रम को लेकर ट्रस्ट अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि 22 फरवरी दिन रविवार सुबह लगभग 12ः00 बजे ट्रस्ट कार्यालय पर क्षय रोगियों को पौष्टिक आहार वितरण किया जाएगा, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे हापुड़ सीडीओ हिमांशु गौतम, हापुड़ एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, हापुड़ सीएमओ सुनील कुमार त्यागी एवं क्षय रोग अधिकारी राजेश सिंह, बताया गया है कि इस कार्यक्रम को लेकर लगातार शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट कार्यालय पर लगातार तैयारी चल रही हैं, हमारे ट्रस्ट के सभी सदस्य अपने-अपने कार्य में लगातार लगे हुए हैं कार्यक्रम को लेकर, तो वहीं ट्रस्ट अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि हमारे ट्रस्ट द्वारा टीबी रोगियों को गोद लिया गया है, जिसमें हमारे ट्रस्ट के सभी व्यक्ति जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं और जनपद से भी सभी का सहयोग मिल रहा है, हम चाहते हैं कि हमारा जनपद बहुत जल्द टीबी मुक्त हो तथा हमारा देश जीतेगा और टीबी मुक्त बहुत जल्द होगा।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षा सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध में हुई बैठक

## छात्रों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए सार्वजनिक परीक्षा में अधिक पारदर्शिता लाना है: डॉ. दिनेश चंद्र

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय हाईस्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा अवगत कराया गया कि हाईस्कूल/इण्टर) परीक्षा वर्ष-2025, 24 फरवरी 2025 से प्रारम्भ होकर 12 मार्च 2025 के मध्य में दो पालियों में (प्रथम पाली समय-प्रात: 8:30 बजे से 11.45 बजे तक, द्वितीय पाली सायं 2.00 बजे से 5.15 बजे तक) की अवधि में आयोजित होगी। कक्षा-10 में कुल पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 74938, कक्षा-12 में कुल पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 80164, वर्ष 2025 में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 155102 है। कुल 218 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। जिसके लिए जोनल मजिस्ट्रेट 06, सेक्टर मजिस्ट्रेट 23 एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट 218 तैनात किये गये हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक परीक्षाओं के संचालन में अनुचित साधनों का प्रयोग एवं प्रश्न पत्रों के समय से पूर्व प्रकटन को रोकने, साल्वर गिरोह का निषेध करने और संबंधित सभी मामलों में दंड की व्यवस्था करने के लिए 2024 में नवीन अधिनियम बनाया गया है। इस अधिनियम का उद्देश्य छात्रों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए सार्वजनिक परीक्षा में अधिक पारदर्शिता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता लाना है। इसमें छात्रों को उनके भविष्य के दृष्टिगत आपराधिक दायित्व से मुक्त रखा गया है परंतु सार्वजनिक परीक्षाओं को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने वाले दोषियों के विरुद्ध निर्णायक और कठोर कार्रवाई का प्राविधान किया गया है। सार्वजनिक परीक्षा के संचालन में सम्मिलित प्रश्न पत्र की तैयारी, कोडिंग डिकोडिंग, मुद्रण. संग्रहण, सुरक्षित अभिरक्षा और वितरण, सार्वजनिक परीक्षा का पर्यवेक्षण, उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन, परिणाम की घोषणा और उससे संबंधित अन्य सभी कार्य किये गये है। परीक्षार्थी के संदर्भ में किसी व्यक्ति से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से या किसी भी रूप में अनधिकृत सहायता लेना या किसी प्रकार के अनधिकृत गैजेट या का उपयोग करना, परीक्षार्थी के अलावा अन्य व्यक्ति के संदर्भ में अनधिकृत रूप से प्रश्न पत्र के प्रकटन या प्रकटन का प्रयास, किसी सार्वजनिक परीक्षा में किसी भी परीक्षार्थी को किसी भी तरीके से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहायता करना या सहायता करने का प्रयास करना, और परीक्षार्थी को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए कंप्यूटर नेटवर्क या संसाधन या प्रणाली के साथ छेड़छाड़ करना या करने का प्रयास करना इस अधिनियम के दायरे में आयेगा।

# कानपुर में होगा 30 वां राष्ट्रीय मेनोपॉज सम्मेलन

शकुन टाइम्स संवाददाता




**कानपुर।** कानपुर के जी.एस.वी.एम. मेडिकल कॉलेज में हिंदुस्तान मेनोपॉज सोसायटी के तत्वावधान में 30वां राष्ट्रीय मेनोपॉज सम्मेलन (आई एम एस सी ओ एन-2025) का आयोजन 21 से 23 फरवरी 2025 तक होगा। इसमें देश-विदेश के 200 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टर हिस्सा लेंगे और मेनोपॉज (रजोनिवृत्ति) से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं पर चर्चा करेंगे। इस सम्मेलन में डॉ. संगीता अग्रवाल, डॉ. मंजू मोदी, डॉ. विमलचंद जैन, डॉ. मीरा अग्रवाल और डॉ. किरण गुप्ता समेत कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य रजोनिवृत्ति के दौरान महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और इस दौरान होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के प्रभावी समाधान पर जागरूक करना है। सम्मेलन में गर्भाशय, अस्थि रोग, हृदय स्वास्थ्य, टीकाकरण, मानसिक स्वास्थ्य और संतुलित आहार जैसे विषयों पर चर्चा होगी। साथ ही, ढ्ढङ्कस्न तकनीक, गर्भधारण संबंधी समस्याएं और रजोनिवृत्ति के बाद महिलाओं की जीवनशैली सुधारने के उपाय भी बताए जाएंगे। विशेष रूप से डॉ. (प्रो.) सिमोन फिशरन ( ई एस एच आर ई, यू के) दुनिया के पहले आई वी एफ बच्चे (लुईस ब्राउन) की मां बनने वाली महिला की सफलता पर व्याख्यान देंगी। इसके अलावा, बांझपन के इलाज में नई तकनीकों पर भी विस्तार से चर्चा होगी। 21 फरवरी को मेनोपॉज से संबंधित नई तकनीकों और शोधों पर चर्चा होगी। 22 फरवरी को 150 से अधिक शोधपत्रों की प्रस्तुति और विशेषज्ञों के व्याख्यान होंगे। 23 फरवरी को विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा, जिसमें डॉ. बेदांत पाण्डेय मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान महिलाओं की हड्डियों की मजबूती, हृदय स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, आहार और व्यायाम पर विशेष जानकारी दी जाएगी। सम्मेलन का उद्घाटन महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार, श्रीमती प्रतिभा शुक्ला करेंगी। इस दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य सुधार और जागरूकता को लेकर कई अहम घोषणाएं भी की जाएंगी। यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन महिलाओं के स्वास्थ्य और जीवनशैली सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# बोर्ड एग्जाम से पहले ही कॉलेज बना जंग का अखाड़ा

## क्लर्क व बाबू ने अध्यापक पर किया हमला

शकुन टाइम्स संवाददाता



**हापुड़।** जनपद हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र के गांव लोदीपुर शोभन में स्थित लाला बाबू बैजल मेमोरियल इंटर कॉलेज में शिक्षक पर कॉलेज में तैनात क्लर्क व चपरासी ने हमला कर दिया। बताया गया है कि गुरुवार की दोपहर करीब 2 बजे कॉलेज में तैनात शिक्षक देवेंद्र सिंह पानी पीने के लिए अपनी गाड़ी के पास गए इसी दौरान कॉलेज में तैनात क्लर्क व चपरासी राजकुमार व विदेश हाथ में पिस्तौल लेकर अध्यापक के पास पहुंचे और शिक्षक के साथ मारपीट शुरू कर दी। शिक्षक के कपड़े तक फाड़ दिए । इस दौरान कॉलेज में तैनात अध्यापक घटनास्थल की तरफ दोड़े तो विदेश व राजकुमार तमंचा लहराते हुए भाग गए जिसकी सूचना शिक्षकों ने पुलिस को दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। वहीं शिक्षकों का कहना है कि बोर्ड के एग्जाम शुरू होने वाले हैं अगर आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होती है तो वह बोर्ड के एग्जाम कराने में असमर्थ रहेंगे। शिक्षको की मांग है कि क्लर्क व चपरासी दोनों को ही टर्मिनेट किया जाए।

### यूपी बजट में इटावा को कुछ नहीं मिलने से मायूसी

**इटावा।** उत्तर प्रदेश सरकार के आज पेश किये बजट में इटावा जिले को कोई खास स्थान न मिलने से यहां के लोगों में मायूसी जरूर देखी जा सकती है। विश्व स्तरीय लायन सफारी, फिशरवन, पक्षी बिहार और चंबल से प्रसिद्ध इटावा प्रदेश सरकार के बजट में अछूता रहा। बजट में जिले को कुछ भी नहीं दिया गया जबकि इटावा के लोग एवं व्यापारी बजट पेश होने से पूर्व उद्योगों और टैक्स में छूट को लेकर आशा भरी निगाहों से सरकार के बजट की ओर देख रहे थे। सपा प्रदेश सचिव गोपाल यादव ने कहा कि इटावा जिले को पर्यटन के लिहाज से लायन सफारी पार्क जो बजट के लिए सरकार की ओर देख रहा था। उसको भी कुछ नहीं मिला। चंबल रिवर और फिशर वन के साथ-साथ यहां पर्यटन के क्षेत्र को बढ़ावा दिया गया था लेकिन आज पेश हुए बजट में प्रदेश सरकार द्वारा पर्यावरण एवं पर्यटन को देखते हुए इटावा को बजट से अछूता रखा गया है। इटावा के आम व्यापारी आशीष, शिशिर, इकरार अहमद, आलोक दीक्षित का कहना है कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पेश हुए बजट में इटावा को स्पेशल पैकेज के तौर पर बजट से पूरी तरीके से दूर रखा गया है।

# पर्सनालिटी डेवलपमेंट का आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता



**कानपुर।** एस. एन. सेन बी. वी. पी. जी.कॉलेज, कानपुर में को पर्सनालिटी डेवलपमेंट और पर्सनल हाइजीनिक पर एक दो- दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सुमन ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि पुष्पांजलि अर्पित करके किया। कार्यक्रम की ट्रेनर एवं राइट साइड स्टोरी टीम की यूथ विल बीइंग एक्सपर्ट मिस जिया अरोड़ा ने छात्राओं को व्यक्तित्व विकास और व्यक्तिगत स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही छात्राओं को अपने अधिकारों और सोशल मीडिया के दुरुपयोग के बारे में भी अवगत कराया गया। छात्राओं को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के बारे में बताते हुए उनसे उससे संबंधित गतिविधियां भी कराई गई। मीडिया प्रभारी डॉ प्रीति सिंह ने बताया कार्यक्रम का संचालन डॉ0 रोली मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रसायन शास्त्र विभाग की प्रोफेसर डॉ.गार्गी यादव ,डॉ. पूजा गुप्ता ,डॉ.प्रीति सिंह ,डॉ. प्रीता अवस्थी,डॉ.सपना राय आदि उपस्थित रहे। इसके साथ ही राइट साइड स्टोरी टीम और व्हिस्पर इंडिया के द्वारा छात्राओं को पर्सनल हाइजीन से संबंधित किट का वितरण भी किया गया।

# पारदर्शिता के लिए बनी है आईटीआई: डॉ राहुल सिंह

## पीयू में आरटीआई व जनहित गारंटी अधिनियम पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

शकुन टाइम्स संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 एवं जनहित गारंटी अधिनियम 2011 पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को हुआ। कार्यशाला का आयोजन अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय की ओर से किया गया।

इसमें आरटीआई ऑनलाइन उत्तर प्रदेश के टीम हेड डॉ. राहुल सिंह ने बतौर विशिष्ट अतिथि ने आरटीआई अधिनियम 2005 एवं जनहित गारंटी अधिनियम 2011 की बारीकियों से अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम नागरिकों को सरकारी विभागों से जानकारी प्राप्त करने का अधिकार देता है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जनहित गारंटी अधिनियम 2011 के तहत नागरिकों को सरकारी सेवाओं की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने प्रतिभागियों को इन कानूनों का सही ढंग से उपयोग करने के तरीके बताए और कहा कि आरटीआई कैसे भ्रष्टाचार को रोकने में सहायक हो सकता है। उन्होंने कहा कि सूचना का मुख्य मकसद पारदर्शिता था। सूचना ऑब्जेक्ट के रूप में है, सूचना वही मिलेगी जो भौतिक रूप में हो या उनके ऑफिस के रिकॉर्ड में हो। 250 देश में सूचना के अधिकार को लागू किया गया है।

कार्यशाला में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि इसका उपयोग सकारात्मक होना चाहिए। इसके दुरुपयोग से संबंधित व्यक्ति और दफ्तरों की परेशानियां बढ़ती है। उन्होंने कहा कि आज आरटीआई की वजह से हर अधिकारी पारदर्शिता से काम कर रहा हैं। छात्र कल्याण प्रो. अजय द्विवेदी ने अध्यक्षीय उद्बबोधन में कहा कि आज आरटीआई की वजह से दफ्तरों की कार्यशैली में पारदर्शिता आई है। सूचनाओं को प्राप्त करने का यह अचूक हथियार है। कार्यक्रम का संचालन उद्देश्य सिंह ने किया । इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलसचिव महेंद्र कुमार, प्रो.अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. राजकुमार, प्रो. प्रमोद कुमार यादव. डॉ.रसिकेश, डॉ नृपेन्द्र सिंह, डॉ. अनुराग मिश्र, डॉ आलोक गुप्ता ,डॉ प्मेंद्र विक्रम सिंह, डॉ .आलोक दास, डॉ प्रियंका सिंह आदि मौजूद थीं।

### हल्की-हल्की बरसात देख मटर हुआ खुश,तो आलू वाले किसान हो गए परेशान



हापुड़। गुरुवार की सुबह मौसम ने ली हल्की करवट ,तो किसानों के उड़े होश, बता दें कि गुरुवार की सुबह हल्की-हल्की बरसात के कारण मटर वाले किसानों को मिली खुशखबरी मटर ने दिखाया अपना असली रंग,जहां पर मटर सिंचाई के लिए आ रहा था तो वही पहले ही इंद्रदेव ने मटर को दिखाई हरियाली का रूप, तो वहीं मौजूदा समय के अंदर चल रही आलुओं की खुदाई करने वाले किसानों को हो सकती है थोड़ी दिक्कत मौसम के चलते, देखा जाए तो कुछ किसानों का तो आलू खुद चुका है खुदाई से बाहर हो चुका है तो कुछ किसानों ने आलू खुदाई लगा रखा है जो बरसात के कारण उनके दिल की धड़कनों को तेज कर रहा है, जहां पर लगभग कुछ समय से सूर्य देव भी हल्की-हल्की गर्मी दिख रहे हैं तो वहीं आलू वाले किसान लगातार अपने आलू की खुदाई में लगे हुए हैं, इस हल्की बरसात के कारण थोड़ा सर्दी भी उभर सकती है मौसम में बदलाव लाने के लिए, तुम वही मटर वाले किसान कीटनाशक को लेकर काफी खुश नजर आए, क्योंकि देखा जाए तो बिना कीटनाशक आजकल फैसले नहीं हो पाती जिसके कारण किसान भी काफी परेशान होते हैं, क्योंकि देखा गया है कि किसान भाई गन्ने की फसल के अंदर काफी मेहनत करते हैं दवाई गोली के द्वारा मगर गन्ने की पैदावार अच्छी जाए तो मवेशियों के लिए चारा भी प्राप्त नहीं हो पा रहा, जिसको लेकर किसान काफी परेशान हैं।

# सम्पादकीय

## डोनाल्ड ट्रम्प के नाटो से दूरी बनाने के बाद यूरोप की परीक्षा की घड़ी

1945 में द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के अस्सी साल बाद, यूरोप, विशेष रूप से पश्चिमी यूरोप अव्यवस्थित सा हो गया है, क्योंकि आठ दशकों से उनका ट्रान्साटलांटिक सहयोगी, संयुक्त राज्य अमेरिका, नये ट्रम्प सिद्धांत के तहत नाटो से संबंधित यूरोपीय देशों की सुरक्षा की गारंटी देने से इनकार कर रहा है। इससे पहले भी अमेरिका और यूरोपीय देशों के बीच कई मुद्दों पर मतभेद थे, लेकिन उनका महाद्वीप की भू-राजनीति पर इतना व्यापक प्रभाव कभी नहीं पड़ा, जितना 2025 में पड़ रहा है। 17 फरवरी को नाटो और यूरोपीय संघ सहित यूरोपीय देशों के नेताओं की आपातकालीन बैठक ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कोई प्रभावी रणनीति बनाने में विफल रही, जिसमें यूरोपीय देशों, विशेष रूप से नाटो को अमेरिका पर निर्भर हुए बिना अपनी रक्षा प्रणाली के बारे में सोचना पड़ रहा है, जो 1949 में नाटो की स्थापना के बाद से पिछले 75 वर्षों से एक रक्षा निकाय के रूप में चलन में है। नाटो की स्थापना अमेरिका और सोवियत संघ के बीच तीव्र शीत युद्ध की पृष्ठभूमि में हुई थी, जिसमें पश्चिमी यूरोप नाटो के हिस्से के रूप में अमेरिका के साथ मजबूती से जुड़ा हुआ था। तब से यूरोप में बड़े बदलाव हुए हैं, जिनमें 1991 में सोवियत संघ का पतन और 1991 के बाद सोवियत राज्य से अलग होकर कई स्वतंत्र राज्यों की स्थापना शामिल है। यूक्रेन उन राज्यों में से एक था। 24 फरवरी, 2022 से शुरू होने वाले यूक्रेन पर रूसी आक्रमण को इस सप्ताहांत तीन साल पूरे हो रहे हैं और इसी सप्ताह, मंगलवार 18 फरवरी को, रूस के विदेश मंत्रियों और अमेरिका के विदेश मंत्री ने सऊदी अरब के रियाद में यूरोप और यूक्रेन के प्रतिनिधित्व के बिना मुलाकात की। यूरोपीय देशों और यूक्रेन के राष्ट्रपति ने संबंधित बहिष्कारों का कड़ा विरोध किया, लेकिन बैठक उनके बिना ही चली। राष्ट्रपति ट्रम्प भी नाटो या यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के विचारों को ध्यान में रखे बिना, अपनी शर्तों पर यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठक के साथ आगे बढ़ेंगे। यूरोपीय नेताओं की सोमवार को पेरिस बैठक में यूक्रेन पर आने वाली वार्ता में यूरोपीय नेताओं की भागीदारी की मांग की गयी थी, लेकिन ट्रम्प ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह पहले राष्ट्रपति पुतिन से मिलेंगे और उसके बाद जरूरत पड़ने पर राष्ट्रपति जेलेंस्की को बुलाया जायेगा। इस बात का कोई आश्वासन नहीं था कि यूरोपीय नेताओं को अनुवर्ती बैठकों में भी आमंत्रित किया जायेगा। इसका मतलब यह है कि ट्रम्प केवल राष्ट्रपति पुतिन के साथ बातचीत करके अनिच्छुक यूरोपीय देशों पर युद्धविराम थोपने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रम्प के सलाहकारों और खुद ट्रम्प ने पहले ही इशारा कर दिया है कि यूक्रेन को नाटो की सदस्यता के बारे में भूलना होगा और राष्ट्रपति जेलेंस्की को क्रीमिया पर भी अपना दावा छोड़ना होगा, जिस पर अब रूस का कब्जा है। कुल मिलाकर, वार्ता में अन्य कब्जे वाले क्षेत्रों के मुद्दे को उठाया जा सकता है, जहां मामूली क्षेत्रीय समायोजन पर बातचीत की जा सकती है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन द्वारा बुलाई गयी पेरिस में सोमवार की बैठक में, यूरोपीय नेताओं ने तीन वास्तविकताओं को स्वीकार कियारू पहला, ऐसा प्रतीत होता है कि अमेरिका और यूरोप अब उन मूल्यों को साझा नहीं करते हैं, जो 1945 से ट्रांसअटलांटिक गठबंधन का आधार रहे हैं। दूसरा, यूरोप अब अपने बचाव के लिए अमेरिका पर निर्भर नहीं रह सकता। तीसरा, यूक्रेन पर अमेरिकी नीति का सवाल। अमेरिकी योजना पर यूरोपीय देशों को अमेरिका द्वारा जानकारी दिये जाने की आवश्यकता है और अमेरिका को यूरोप को बातचीत की मेज पर आमंत्रित करना है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसलिए चर्चा इस बात पर केंद्रित थी कि इस समय ट्रम्प की चुनौती का सामना करने के लिए सबसे अच्छा विकल्प क्या होना चाहिए। बैठक में यूरोपीय सुरक्षा गारंटी के आकलन और रक्षा के लिए अपने स्वयं के धन के आधार पर देशों द्वारा इसे किस हद तक संभव बनाया जा सकता है, इस पर तीखे मतभेद देखे गये। यूक्रेन की युद्ध के बाद की सुरक्षा गारंटी पर भी मतभेद थे। मैक्रोन ने पिछले साल यूक्रेन में एक संभावित यूरोपीय शांति सेना की संभावना का उल्लेख किया था, और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने रविवार को कहा कि ब्रिटेन जमीन पर सैनिकों को भेजने के लिए तैयार है। स्वीडन ने सोमवार को इस कदम का समर्थन किया। नीदरलैंड ने कहा कि यह विचार के बारे में श्नकारात्मक नहींश् है, लेकिन जर्मनी ने कहा कि श्अभी समय नहीं आया हैश् और पोलैंड - जो किसी भी अन्य नाटो सदस्य की तुलना में रक्षा पर प्रति व्यक्ति अपने सकल घरेलू उत्पाद का 4प्रतिशत अधिक खर्च करता है- ने कहा कि वह श्कोई भी पोलिश सैनिक भेजने की योजना नहीं बना रहा हैय। इसलिए चर्चा के अंत में जबकि यूरोपीय नेता यूरोपीय सुरक्षा बल की आवश्यकता पर सहमत हुए, वे संरचना की सटीक प्रकृति और प्रत्येक की वित्तीय जिम्मेदारी की प्रकृति पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सके। यूरोप को यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी प्रदान करने के लिए अपने सैन्य बल के साथ तैयार रहना होगा, अगर फरवरी के अंत में मार्च तक ट्रम्प-पुतिन की बैठक युद्ध विराम की ओर ले जाने वाले शांति सूत्र पर पहुंचती है। यह स्पष्ट है कि ट्रम्प यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने की जल्दी में हैं और वे उसी स्टीमरोलर नीति का पालन करने के लिए दृढ़ हैं जिसका उपयोग उन्होंने इजराइल में युद्ध विराम के आयोजन में किया था-हमास युद्ध के बारे में। अमेरिकी राष्ट्रपति रूसी राष्ट्रपति पुतिन से बात करके और युद्ध विराम योजना बनाकर उसी पद्धति का उपयोग करने पर आमादा हैं, जिससे पुतिन को इस संकट से बहादुरी से बाहर निकलने में मदद मिलेगी।

# उर्दू पर संकीर्ण सोच

**उप्र के ग्रामीण स्कूलों में संसाधन जुटें या न जुटें नाम बदलने की कवायद जारी है। हाल ही में परमवीर चक्र विजेता शहीद अब्दुल हमीद के नाम पर गाजीपुर में उनके पैतृक गांव धामूपुर में बने विद्यालय का नाम बदल दिया गया, गनीमत रही कि इस पर फौरन ही आपत्ति दर्ज हुई और गलती को मानते हुए इसे सुधारा गया। शिक्षा विभाग ने विद्यालय का नाम श्शहीद वीर अब्दुल हमीद पीएमश्री कंपोजिट विद्यालयश् करने का निर्णय लिया है, साथ ही भविष्य में ऐसी गलतियां नही हों, इसके लिए उनके नाम को विद्यालय के अभिलेख में भी दर्ज करने की योजना बनाई गई है। विद्यालय के प्राचार्य ने अब्दुल हमीद के बेटे जैनुल हसन से इस भूल के लिए माफी भी मांग ली है। हालांकि यह महज भूल नहीं है, बल्कि इसमें सांप्रदायिक सोच ही नजर आ रही है।**

**सर्वमित्रा सुरजन**

सियासी लाभ उठाने के फेर में कभी-कभी मंजे हुए राजनेता भी ऐसी गलती कर जाते हैं, जिसमें सच बाहर आ जाता है। अभी हाल ही में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने ऐसी ही गलती कर दी। दरअसल मंगलवार को उप्र विधानसभा में कार्य संचालन नियमावली में एक संशोधन के बाद अंग्रेजी के अलावा, अवधी, ब्रज, बुंदेली और भोजपुरी में भी संबोधन को मान्यता दी गई। इस संशोधन का उद्देश्य यह था कि ग्रामीण अंचल के लोग अपनी स्थानीय भाषा में सुन सकें कि विधानसभा में क्या कार्रवाई हो रही है। इस फैसले पर नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने अंग्रेजी पर आपत्ति जताई और उसकी जगह उर्दू और संस्कृत शामिल करने का सुझाव दिया। लेकिन उर्दू का नाम आते ही यह मुद्दा भाजपा के लिए सांप्रदायिक सवाल खड़े करने का सबब बन गया। मंगलवार को उर्दू के सवाल पर मुख्यमंत्री योगी ने जो कुछ कहा, उसमें एक तरफउनकी संकुचित सोच का परिचय मिला और दूसरी तरफएक सचबयानी भी हो गई। श्री योगी ने कहा कि समाजवादियों का चरित्र दोहरा हो चुका है, ये अपने बच्चों को पढ़ाएंगे इंग्लिश स्कूल में और दूसरों के बच्चों के लिए बोलेंगे कि गांव के उस विद्यालय में पढ़ाओ, जहां संसाधन भी नहीं हैं। श्री योगी ने समाजवादियों पर आरोप लगाया कि ये आपके बच्चों को पढ़ाना नहीं चाहते। आपके बच्चे उर्दू पढ़ें ये उनको मौलवी बनाना चाहते हैं। सपा के नेता क्या देश को कठमुल्लापन की ओर ले जाना चाहते हैं यह नहीं चलने वाला है। ऐसा नहीं है कि देश में भाषा को लेकर इस तरह का विवाद पहली बार खड़ा हुआ है, यह सिलसिला बरसों से चला आ रहा है। भाजपा के शासन के दौर में इसमें तल्खी थोड़ी और बढ़ गई है। बहरहाल, पहले देख लेते हैं कि श्री योगी ने उर्दू का विरोध करते हुए कैसे अपनी ही पोल खोल दी। ग्रामीण अंचलों में शिक्षा की हालत कितनी खराब है, इस सच से हर कोई वाकिफहै। संपन्न ग्रामीण अपने बच्चों को शहरों में भेजकर पढ़ाने का खर्च उठा सकते हैं, लेकिन गरीब ग्रामीणों के लिए गांव के विद्यालय में बच्चों को भेजने की मजबूरी होती है, जहां कई तरह के अभावों में बच्चों को पढ़ाने की औपचारिकता निभाई जाती है। देश की साक्षरता दर में इजाफा होता है कि इस साल इतने बच्चों ने दाखिला लिया, हालांकि इसमें कितने बच्चे विद्यालय में टिक पाते हैं, यह अलग मंथन का विषय है। इन स्कूलों में शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा भी अक्सर नहीं होती है, जिस वजह से लड़कियां स्कूल नहीं जा पाती हैं। गांवों के स्कूलों की बदहाली किसी एक राज्य या किसी एक सरकार में हुई है, ऐसा नहीं है। पूरे देश में यही हाल है। लेकिन इस बात को सरकारें स्वीकार नहीं करती हैं, बल्कि कभी भूले-बिसरे किसी नेता, मंत्री या शिक्षा अधिकारी के दौरे स्कूलों में हों, तो वहां साज-सज्जा कर कमियां छिपाने की कोशिश की जाती है। मंत्री और अधिकारी दोनों इस सच से वाकिफहोते हैं, लेकिन इसे सुधारने की कोशिश बिरले ही किसी ने की होगी। अच्छा है कि मुख्यमंत्री योगी ने विधानसभा में आधिकारिक तौर पर यह बात स्वीकार कर ली कि गांवों के स्कूलों में संसाधन नहीं हैं। अब उनसे सवाल किया जा सकता है कि आप लगातार दूसरा कार्यकाल उत्तरप्रदेश में संभाल रहे हैं, फिर भी अगर आप गांवों के स्कूलों में संसाधन न होने की बात स्वीकार कर रहे हैं, तो इसमें दोष क्या आपका ही नहीं है। जब उप्र सरकार अयोध्या में हर साल करोड़ों रूपए के दिए जला सकती है, जब महाकुंभ के आयोजन में पानी की तरह पैसा बहाया जा सकता है, जब कांवड़ यात्रियों पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसाने का खर्च भी सरकारी खजाने से किया जा सकता है, तो गांवों के स्कूलों में संसाधन जुटाने का खर्च अब तक क्यों नहीं किया गया। हालांकि इस बात की उम्मीद कम ही है कि श्री योगी कभी ऐसे किसी सवाल का जवाब देंगे। उप्र के ग्रामीण स्कूलों में संसाधन जुटें या न जुटें नाम बदलने की कवायद जारी है। हाल ही में परमवीर चक्र विजेता शहीद अब्दुल हमीद के नाम पर गाजीपुर में उनके पैतृक गांव धामूपुर में बने विद्यालय का नाम बदल दिया गया, गनीमत रही कि इस पर फौरन ही आपत्ति दर्ज हुई और गलती को मानते हुए इसे सुधारा गया। शिक्षा विभाग ने विद्यालय का नाम श्शहीद वीर अब्दुल हमीद पीएमश्री कंपोजिट विद्यालयश् करने का निर्णय लिया है, साथ ही भविष्य में ऐसी गलतियां नही हों, इसके लिए उनके नाम को विद्यालय के अभिलेख में भी दर्ज करने की योजना बनाई गई है। विद्यालय के प्राचार्य ने अब्दुल हमीद के बेटे जैनुल हसन से इस भूल के लिए माफी भी मांग ली है। हालांकि यह महज भूल नहीं है, बल्कि इसमें सांप्रदायिक सोच ही नजर आ रही है। नाम बदलने की सोच रखने वालों को अब्दुल हमीद ही नजर आया होगा, उसके आगे लगे शहीद का दर्जा देखने की जहमत नहीं उठाई गई। और अगर इस नाम के साथ परमवीर चक्र विजेता या शहीद का दर्जा न भी जुड़ा होता, तब भी अब्दुल हमीद नाम पर आखिर तकलीफ क्यों है। वहां पढ़ाई किस तरह की हो रही है, बच्चों को किस तरह भविष्य के लिए तैयार किया जा रहा है, असल सवाल तो यही होने चाहिए। लेकिन भाजपा हर मामले में हिंदू-मुसलमान की राजनीति ही ले आती है। उप्र विधानसभा में मंगलवार के बाद बुधवार को भी उर्दू को लेकर विवाद हुए और मुख्यमंत्री योगी ने एक शायरी सुनाई और कहा कि ध्यान देना, यह उर्दू में नहीं है। श्री योगी ने शायरी पढ़ी- बड़ा हसीन है इनकी जुबान का जादू, लगा के आग बहारों की बात करते हैं जिन्होंने रात को चुन-चुन के बस्तियों को लूटा वही अब बहारों की बात करते हैं अब इस शायरी पर भाजपा के लोग बेशक दाद दें, लेकिन इसमें भाजपा नेताओं और सरकारों की संकीर्ण सोच ही दिखती है। एक बार मशहूर शायर जावेद अख्तर ने कहा था कि उर्दू का संबंध रीजन से है, रिलीजन से नहीं। यानी उर्दू का संबंध क्षेत्र से है, धर्म से नहीं। लेकिन संघ और उससे जुड़े लोगों ने हमेशा से पूरे देश में उर्दू को मुसलमानों से जोड़कर अनावश्यक विवाद खड़ा करने की कोशिश की। कभी दीवाली को जश्न ए चरागां कहा गया तो उस पर आपत्ति जताई गई, किसी ब्रांड के उत्पाद में अरबी में लिखा गया तो उसे धर्मभ्रष्ट करना बता दिया गया। उप्र विधानसभा में भी यही कोशिश दिखी। जबकि उर्दू देश के बड़े हिस्से में बोली और समझी जाती है। गौरतलब है कि उर्दू तुर्की भाषा के शब्द श्ओर्दूश् से निकला है, जिसका मतलब होता है सैन्य शिविर। 12वीं सदी में जब भारत के उत्तरी इलाकों में आक्रमण हुए और फारसी बोलने वाली फौज ने लाहौर, और दिल्ली होते हुए उत्तर भारत के इलाके को छुआ तो उस फौज का संपर्क ब्रज भाषा से हुआ, और फिर दो जुबानों के मेल से उर्दू वजूद में आई। 1780 तक उर्दू को हिन्दवी, रेख्ता, रेख्ती, देहलवी या हिंदुस्तानी कहा जाता रहा, बाद में इसे उर्दू नाम मिला और इसी उर्दू में मुंशी प्रेमचंद जैसे महान कहानीकार ने न केवल शिक्षा हासिल की, बल्कि उनका शुरुआती लेखन भी उर्दू में ही रहा। न जाने कितने अनमोल हिंदू और मुसलमान शायर इस जबान ने दिए और हिंदुस्तान की गंगा-जमुनी तहजीब को और मजबूत किया। और जहां तक सवाल मौलवी बनने का है, तो श्री योगी इस बात को याद कर लें इसके लिए उर्दू की नहीं, अरबी भाषा की जरूरत होती है, क्योंकि पवित्र कुरान अरबी भाषा में लिखी हुई है। दिलचस्प बात ये है कि श्री योगी का भाषायी पूर्वाग्रह या दुराग्रह उस समय सामने आया जब कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी भारत दौरे पर आए थे और लोगों की कपड़ों से पहचान करने का नुस्खा बताने वाले प्रधानमंत्री मोदी ने प्रोटोकाल तोड़कर विमानतल पर गले लगाकर उनका स्वागत किया। कतर से हमारी ऊर्जा जरूरतें काफी हद तक पूरी होती हैं और 29 लाख की आबादी वाले इस देश में आठ लाख भारतीयों को भी रोजगार मिला हुआ है। यानी श्री मोदी मुनाफे की भाषा अच्छे से समझते हैं। और वहीं देश में भाषा के नाम पर अनावश्यक धार्मिक विवाद खड़े करते हुए भाजपा अपना दोहरा चरित्र दिखाती है।

# ट्रम्प का भारत विरोधी रवैया साफ

डोनाल्ड ट्रम्प को अमेरिका के राष्ट्रपति का पद सम्हाले हुए अभी एक ही माह हुआ है और उनका भारत विरोधी रवैया साफहो चला है। अमेरिका की ओर से भारत का सतत अपमान तो हो ही रहा है, अब उसकी मदद रोककर यह संकेत दे दिया गया है कि अमेरिका के भारत के साथ वैसे सम्बन्ध नहीं रहेंगे जैसे पहले कभी होते थे। अधिक अपमानजनक तो यह है कि अमेरिका के साथ सम्बन्ध बनाये रखने के लिये भारत लगातार झुकता चला जा रहा है और अमेरिका है कि नरम पड़ने का नाम ही नहीं ले रहा है। वह एक के बाद एक भारत विरोधी निर्णय लेता जा रहा है। भारत को लेकर ट्रम्प का रुख वैसे तभी स्पष्ट हो गया था जब उन्होंने अपने शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित नहीं किया था। उनकी बजाये उद्योगपति मुकेश अंबानी को सपत्नीक तथा विदेश मंत्री एस. जयशंकर को आमंत्रित कर एक तरह से मोदी का अपमान ही किया गया था। वैसे बताया जाता है कि जयशंकर को कुछ दिनों तक अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में डेरा डालना पड़ा था पर ट्रम्प ने भारतीय प्रधानमंत्री को नहीं बुलाया सो नहीं ही बुलाया। इसके बाद भी नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के साथ मुलाकात को लालायित मोदी ने अमेरिका का दौरा कर ही लिया। पिछले हफ्ते वे उनसे मिलकर आये हैं। ट्रम्प के साथ निजी मित्रता का दावा करने वाले मोदी जब अमेरिका जा रहे थे तभी अमेरिका ने पहली खेप के रूप में वहां रह रहे 104 गैरकानूनी अप्रवासी भारतीयों को सैन्य जहाज में हथकड़ी-बेड़ियों में बांधकर अमृतसर भेज दिया। लोगों को उम्मीद थी कि मोदी इस बाबत कड़े शब्दों में न केवल विरोध जताएंगे वरन यह सुनिश्चित करेंगे कि कम से कम अब आगे आने वाले भारतीय ऐसे अपमानजनक तरीके से नहीं भेजे जायेंगे। वैसे पिछली बार अमेरिका ने जब इस तरह से भारतीयों को भेजा तब भारत में भारतीय जनता पार्टी व सरकार का एक बड़ा समर्थक वर्ग उस कार्रवाई को यह कहकर जायज ठहरा रहा था कि अमेरिका अपने देश के नियमों का पालन कर रहा है तो इसमें गलत ही क्या है। इतना ही नहीं, जयशंकर ने भी संसद में इस पर अपना बयान देकर अमेरिका का समर्थन किया था। हालांकि उस वक्त यह बात भी सामने आई थी कि कोलम्बिया व मैक्सिको जैसे छोटे देश, जो अमेरिका के पड़ोसी भी हैं, अपने नागरिकों को सम्मानपूर्वक वापस लाए थे। अपने ही नागरिकों के प्रति भारत सरकार के इस रवैये से सम्भवतरू ट्रम्प प्रशासन का हौसला बढ़ा होगा तभी उसने शनिवार की रात फिर से 116 भारतीय उसी तरीके से भेजे। जैसा कि पहले ही घोषित किया जा चुका है कि अमेरिका ने ऐसे तकरीबन 18 हजार अवैध प्रवासियों की शिनाख्त कर ली है जो क्रमवार भारत आयेंगे। भारत की प्रतिष्ठा को किस कदर चोट पहुंचेगी और उसकी छवि दुनिया भर में क्या बनेगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। साफहै कि ट्रम्प इस मामले में भारत के साथ कोई रहमदिली नहीं दिखाने जा रहे हैं। ट्रम्प मानों इतने भर से संतुष्ट नहीं हैं जो उन्होंने अमेरिका द्वारा भारत को दी जाने वाली 21 मिलियन डॉलर की सहायता पर भी रोक लगा दी। दरअसल उन्होंने सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के फैसले को मंजूरी दी है जिसने इस आशय की सिफारिश की है। एक प्रेस कान्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए ट्रम्प ने कहा कि श्भारत के पास बहुत पैसा है। वह दुनिया में सबसे ज्यादा टैक्स लगाने वाले देशों में से एक है। अमेरिका के लिये वहां व्यवसाय करना मुश्किल है क्योंकि उसके शुल्क बहुत हैं।श् उनका कहना था कि भारत की आर्थिक वृद्धि तथा विदेशी व्यापार की ऊंची शुल्क दरों के चलते भारत को अमेरिकी करदाताओं का पैसा देने की आवश्यकता नहीं है।उल्लेखनीय है कि डीओजीई की अध्यक्षता दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी व ट्रम्प के नजदीकी एलन मस्क करते हैं। उन्होंने एक्स पर इस कटौती की घोषणा की जो भारत को बड़ा झटका है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि अपने अमेरिकी दौरे पर मोदी मस्क से उनके परिजनों के साथ मिले थे और दोनों के बीच सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में चर्चा भी हुई थी। मस्क ने भारत के साथ लाइबेरिया में भी मतदाताओं का राजनीतिक प्रक्रिया में भरोसा बढ़ाने के सम्बन्धी गतिविधियों के लिये दी जाने वाली लगभग इतनी ही सहायता राशि तथा नेपाल को जैव विविधता के संरक्षण हेतु आवंटित किये जाने वाले धन को भी रोक दिया है। मस्क ने इन सभी को गैरजरूरी खर्च बतलाया है। अमेरिका से मिल रहे ये सारे संकेत भारत के लिये बहुत बुरे कहे जा सकते हैं। ट्रम्प ने एक ओर तो मोदी से उस समझौते पर हस्ताक्षर करा लिये जिसके अंतर्गत भारत अमेरिका से प्राकृतिक गैस व तेल (जो कि महंगी दर पर होगा) तथा एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदेगा, जो पुरानी पड़ चुकी तकनीक पर आधारित है व जिसे मस्क कबाड़ बताते हैं, तो वहीं दूसरी तरफभारत में अमेरिकी कम्पनी टेस्ला की व्यवसायिक गतिविधियां प्रारम्भ होने जा रही हैं, जिसके मालिक एलन मस्क ही हैं।

# अश्लीलता का कारोबार

**एक हकीकत यह भी है कि अभद्र, अश्लील, आपत्तिजनक और पोर्नोग्राफिक कंटेंट से सोशल मीडिया कंपनियों को भी मुनाफा होता है। कार्रवाई की मांग किए जाने पर ये विदेशी कंपनियां अमेरिकी कानून को अपना कवच बनाने का प्रयास करती हैं। विगत में भी एक विवाद के बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने सभी डिजिटल कंपनियों को शिकायत अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए थे। यद्यपि आईटी मंत्रालय को आपत्तिजनक एप्स और कंटेंट को ब्लॉक करने का अधिकार है। लेकिन इसके बावजूद सोशल मीडिया की निरंकुश भूमिका को देखते हुए एक सख्त कानून की जरूरत महसूस हो रही है।**

हाल ही में यूट्यूब के एक कथित कॉमेडी शो से उठे राष्ट्रव्यापी विवाद के बाद आरोपी यूट्यूबर को गिरफ्तारी से राहत देते वक्त सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणियां की हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में आरोपी से कहा कि उसने अपने दिमाग में भरी गंदगी को उगला है। अदालत ने रणवीर इलाहाबादिया के बयान पर कठोर टिप्पणी करते हुए कहा कि उसकी बातों से बेटियों, बहनों और माता-पिता को भी शर्मिंदगी उठानी पड़ी है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह ने केंद्र सरकार से पूछा कि वह सोशल मीडिया पर अश्लीलता रोकने की योजना बताएं। अन्यथा इस मामले में कोर्ट देखेगा। उल्लेखनीय है कि यूट्यूबर और कॉमेडियन समय रैना के एक शो 'इंडियाज गॉट टेलेंट' के एक एपिसोड को लेकर पिछले दिनों खासा विवाद हुआ। जिसको लेकर पूरे देश में तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई। कई राज्यों में अश्लील टिप्पणी करने वाले यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफमामले दर्ज किए गए। दरअसल, रणवीर ने एक प्रतिभागी से उसके माता-पिता के निजी संबंधों को लेकर आपत्तिजनक सवाल किए थे। इस अमर्यादित व अश्लील टिप्पणी को लेकर देशव्यापी आलोचना की जा रही है। कालांतर यूट्यूब को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के नोटिस के बाद इस एपिसोड को हटाना पड़ा था। दरअसल सोशल



मीडिया पर ऐसी अश्लील व अभद्र टिप्पणी करने का यह पहला मामला नहीं है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अनाप-शनाप बकने का सिलसिला पिछले लंबे समय से सोशल मीडिया पर चल रहा है। दरअसल, कई कॉमेडियन व कलाकार विभिन्न कार्यक्रमों में ऐसी बकवास करते रहते हैं ताकि उन्हें नकारात्मक चर्चा से व्यापक पहचान मिल सके। लगातार कोशिश होती रहती है कि वर्जित विषयों को कार्यक्रमों में शामिल करके तरह-तरह के विवाद खड़े किए जाएं। दरअसल, टीवी चौनल भी टीआरपी के गंदे खेल में ऐसे हथकंडे अपनाने से नहीं चूकते, जो विवाद पैदा करें। ऐसे कॉमेडी कार्यक्रमों की लंबी श्रृंखला है जो अश्लीलता, फूहड़ता और अभद्रता को अपने विषय वस्तु बनाते हैं।


पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्मों पर वर्जना तोड़ते कार्यक्रमों की बाढ़ सी आई हुई है। विडंबना यह है कि सोशल मीडिया में संपादक नामक संस्था का कोई स्थान नहीं है। जिसके चलते अभिव्यक्ति की आजादी की दुहाई देकर तमाम वर्जित विषयों व संवादों को तरजीह दी जा रही है। एक हकीकत यह भी है कि अभद्र, अश्लील, आपत्तिजनक और पोर्नोग्राफिक कंटेंट से सोशल मीडिया कंपनियों को भी मुनाफा होता है। कार्रवाई की मांग किए जाने पर ये विदेशी कंपनियां अमेरिकी कानून को अपना कवच बनाने का प्रयास करती हैं। विगत में भी एक विवाद के बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने सभी डिजिटल कंपनियों को शिकायत अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए थे। यद्यपि आईटी मंत्रालय को आपत्तिजनक एप्स और कंटेंट को ब्लॉक करने का अधिकार है। लेकिन इसके बावजूद सोशल मीडिया की निरंकुश भूमिका को देखते हुए एक सख्त कानून की जरूरत महसूस हो रही है। इसके अभाव में ऐसे विवादित कार्यक्रम सुर्खियों में आते रहते हैं। हो-हल्ला होने के बाद प्राथमिकी दर्ज होती है, लेकिन बहुत कम मामलों में आरोपियों को सजा हो पाती है। उन्हें कानूनी संरक्षण देने वाले भी खुलकर सामने आते हैं। यही वजह है रणवीर इलाहाबादिया वाले मामले में शीर्ष अदालत ने उनको लेकर सख्त टिप्पणियां की हैं। नीति-नियंताओं को इस सामाजिक प्रदूषण को रोकने के लिये कारगर कानून बनाने होंगे ताकि आरोपियों को समय से सजा मिल सके। जिससे रातों-रात फेमस होने की होड़ में सामाजिक विकृतियों व कुंठाओं को प्रश्रय न मिले। सदियों से सहेजे गए जीवन मूल्यों व सभ्याचार का संरक्षण करना समाज की भी जिम्मेदारी है। यदि इसकी महीन लक्ष्मण रेखा का अतिक्रमण होता है तो सामूहिक प्रतिरोध जरूरी है। नीति-नियंताओं को भी इस दिशा में गंभीरता से सोचना होगा। तकनीकी क्रांति व विकास का मतलब यह कदापि नहीं है कि हम पश्चिम की विकृतियों व यौन कुंठाओं का अंधानुकरण करें। कालांतर ये प्रवृत्तियां न केवल सामाजिक विद्रूपताओं को सींचती हैं बल्कि अपराधों के लिये भी उर्वरा भूमि तैयार करती हैं। साथ ही सोशल मीडिया के कंटेंट पर निगरानी के लिये सशक्त नियामक संस्था की जरूरत भी महसूस की जा रही है।



## लोकेश राहुल ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले नेट पर बड़े शॉट लगाने पर ध्यान केंद्रित किया

एजेंसी

**दुबई।** फिनिशर की भूमिका के लिए तैयारी कर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल ने बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के अपने पहले मैच से पहले सोमवार को भारतीय टीम के दूसरे अभ्यास सत्र में अपने बड़े शॉट लगाने के कौशल पर काम किया। अपनी तकनीकी रूप से मजबूत बल्लेबाजी के लिए पहचाने जाने वाले राहुल ने आक्रामक शॉट खेलने पर ध्यान केंद्रित किया। ऋषभ पंत एकादश में जगह बनाने के लिए जोर लगा रहे हैं और ऐसे में 32 वर्षीय राहुल अधिक सक्रिय और पावर हिटिंग मानसिकता को अपनाते हुए दिखाई दिए। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में 29 गेंद पर 40 रन की तेज पारी खेलने वाले राहुल को लगभग हर गेंद पर छक्के लगाने का अभ्यास करते हुए देखा गया। पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार राहुल की भूमिका अंतिम ओवरों में महत्वपूर्ण होगी जहां उन्हें शुरू से ही पारी को गति देने की जरूरत पड़ सकती है और उन्हें 'रेंज हिटिंग' का अभ्यास करते हुए देखा जा सकता था। हालिया श्रृंखला में आक्रामक बल्लेबाजी करने वाले श्रेयस अय्यर ने भी अपने आक्रामक खेल पर काम किया। इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय 87, 60 और 112 रन बनाकर श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल शानदार फॉर्म में दिखे और उन्होंने शानदार ड्राइव तथा पुल सहित कई शानदार स्ट्रोक लगाए। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में 119 रन की शानदार पारी खेलकर फॉर्म में वापसी करने वाले भारत के कप्तान रोहित शर्मा भी लय में दिखे। उन्होंने लेट कट और टच शॉट का अभ्यास किया। भारतीय बल्लेबाजी के मुख्य आधार विराट कोहली ने भी अपने कौशल को निखारने में समय बिताया। वह गेंद को बल्ले के बीच से और देर से खेलने की कोशिश करते हुए आत्मविश्वास से भरे दिखे। हालांकि रविवार को ट्रेनिंग के दौरान हार्दिक पंड्या के शॉट पर घुटने पर चोट लगने के बाद ऋषभ पंत संघर्ष करते हुए दिखाई दिए। उन्हें थोड़ा लंगड़ाते हुए देखा गया। उन्होंने विकेटकीपिंग और क्षेत्ररक्षण अभ्यास नहीं किया और जब वह बल्लेबाजी करने आए तो लय में भी नहीं दिखे। सत्र की शुरुआत तीन टीम के बीच 'डायरेक्ट हिट' प्रतियोगिता से हुई। रोहित की अगुआई वाली टीम तीन में पंड्या, अर्शदीप सिंह, रविंद्र जडेजा और श्रेयस थे। भारतीय कप्तान के निर्णायक थ्रो के बाद टीम विजयी हुई। टीम एक में गिल, मोहम्मद शमी, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और वाशिंगटन सुंदर जबकि टीम दो में कुलदीप यादव, राहुल, हर्षित राणा और कोहली शामिल थे।



### भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले कप्तान नजमुल शांटो का बयान

## कहा- हमें लगता है कि हम इस टूर्नामेंट में किसी भी टीम को हरा सकते हैं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो चैंपियन्स ट्रॉफी के अपने पहले मैच में मजबूत पड़ोसी भारत के खिलाफ बृहस्पतिवार को होने वाले मुकाबले से पहले काफी आशावान हैं। शंटो तेज गेंदबाज नाहिद राणा के उभरने से खासे उत्साहित हैं जिन्होंने उनके गेंदबाजी आक्रमण में नया आयाम जोड़ा है।

22 वर्षीय राणा के नाम बांग्लादेशी क्रिकेटर द्वारा फेंकी गई सबसे तेज गेंद (152 किमी प्रति घंटा) का रिकॉर्ड है और वह कई मौकों पर 150 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंद फेंकते हैं। उनके स्पैल में गेंदों की औसत गति 145 किमी प्रति घंटा होती है। राणा और तस्कीन अहमद जैसे अनुभवी तेज गेंदबाज की मौजूदगी के अलावा टीम में कुछ उपयोगी ऑलराउंडर और स्पिनर तथा कुछ अच्छे बल्लेबाज भी हैं।

बुधवार को मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में शंटो ने कहा, ''बेशक, ऑलराउंडर हमेशा टीम को संतुलित करते हैं और हमारे पास कुछ अच्छे ऑलराउंडर हैं। मुझे उम्मीद है कि वे कल अच्छा प्रदर्शन करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''अगर आप इस प्रारूप को देखें तो हमारी टीम काफी संतुलित है और हमें विश्वास है कि हम इस टूर्नामेंट में किसी भी टीम को हरा सकते हैं। सभी टीम इस ट्रॉफी को जीतने में सक्षम हैं लेकिन मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो विरोधियों के बारे में ज्यादा नहीं सोचता। अगर हम अपनी योजना को सही तरीके से लागू करते हैं तो हम किसी भी दिन किसी भी टीम को हरा सकते हैं।''

शंटो का मानना है कि वर्षों के संघर्ष के बाद बांग्लादेश अब एक अच्छे तेज गेंदबाजी आक्रमण का दावा करने की स्थिति में है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि हम हमेशा अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण को लेकर जूझते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ वर्षों में हमें कुछ बेहतरीन तेज गेंदबाज मिले हैं। अब हमारे पास नाहिद राणा, तास्किन हैं और वे जिस तरह से गेंदबाजी कर रहे हैं, मुझे लगता है कि इससे काफी मदद मिलती है।''

शंटो ने कहा, ''एक कप्तान के तौर पर हम उन्हें तेज गेंदबाजी करते देखना पसंद करते हैं। इसलिए मैं बेहद खुश हूं कि हमारे पास एक अच्छी तेज गेंदबाजी इकाई है और दूधिया रोशनी में गेंद स्विंग हो सकती है। इसलिएअगर वे अच्छे क्षेत्रों में गेंदबाजी करते हैं तो इससे हमारी टीम को मदद मिलेगी।'' राणा ने अपने शुरुआती करियर में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने छह टेस्ट मैच में 20 विकेट और तीन वनडे मैच में चार विकेट चटकाए हैं। बांग्लादेश ऐसे ग्रुप में है जिसमें नजरें चिर प्रतिद्वंद्वियों भारत और पाकिस्तान पर है। शंटो से पूछा गया कि क्या किसी बड़े टूर्नामेंट से पहले यह एक अनुकूल स्थिति है। शंटो ने कहा, ''हां, बेशक। मुझे लगता है कि अगर आप सभी आठ टीम को देखें – वे बेहतरीन टीम हैं। भारत, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड के खिलाफ हमारी अच्छी यादें हैं। हमने हाल के दिनों में कुछ मैच जीते हैं।''

उन्होंने कहा, ''पिछले साल जब हमने बांग्लादेश में भारत के साथ खेला था तब से हमारे पास कुछ अच्छी यादें हैं। लेकिन वह अतीत की बात है। मुझे लगता है कि अगर हम कल अच्छा खेलते हैं और अपनी योजना पर अमल करते हैं तो कल हमारे लिए मैच अच्छा होगा।'' शंटो ने भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की अनुपस्थिति को ज्यादा तवज्जो देने से इनकार कर दिया। यूएई की परिस्थितियों से दोनों टीम परिचित हैं लेकिन बांग्लादेश के पास भारत के खिलाफ कोई मौका होने के लिए शंटो को पता है कि उन्हें सभी विभागों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। शंटो ने कहा, ''हमें सभी विभागों में अच्छा खेलना होगा – बल्लेबाजी, गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण – क्योंकि मुझे लगता है कि जिस तरह से हमने इस प्रारूप में पिछले कुछ वर्षों में खेला है, मुझे लगता है कि हमारे




## चोटिल पेनफोल्ड श्रीलंका ऑस्ट्रेलिया सीरीज से हुई बाहर

एजेंसी

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड की महिला टीम की तेज गेंदबाज मौली पेनफोल्ड घुटने की चोट के कारण श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से बाहर हो गई हैं। 23 वर्षीय पेनफोल्ड को इस महीने की शुरुआत में हैलीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड में खेलते समय बाएं घुटने में चोट लगने के बाद उनकी सर्जरी हुई थी। चिकित्सकों के अनुसार उनकी चोट को ठीक होने में 12 सप्ताह तक का समय लग सकता है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि हम सभी मौली के लिए दुखी हैं। यह वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है कि चोट के कारण वह तीन महीने खेल से दूर रहेंगी। समय पर ठीक होने पर वह हमारे शीतकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए फिट हो सकती है। पेनफोल्ड ने 14 एकदिवसीय में नौ विकेट तथा दस टी -20 मैचों में सात विकेट लिए हैं। पिछले दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में बेसिन रिजर्व में दूसरे मैच में उन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 42 रन देकर चार विकेट झटके थे।



## वर्ल्ड कप 2023 फाइनल के बाद से रूठी है रोहित शर्मा की किस्मत

### एक और टॉस हारते ही बना ये शर्मनाक रिकॉर्ड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड कप 2023 फाइनल में टीम इंडिया को हार मिली थी। उस टूर्नामेंट में रोहित शर्मा टीम इंडिया के कप्तान थे, लेकिन इसके बाद से शायद कप्तान रोहित शर्मा की किस्मत रूठी हुई है। आप हैरान रह जाएंगे। एकदिवसीय क्रिकेट का दूसरा आईसीसी इवेंट (चैंपियंस ट्रॉफी 2025) आ गया है, लेकिन वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में भारतीय टीम एक भी टॉस नहीं जीत पाई है। बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लीग मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा एक बार फिर से टॉस हार गए और इस तरह एक शर्मनाक रिकॉर्ड भारतीय टीम के नाम दर्ज हो गया। बता दें कि वर्ल्ड कप 2023 के बाद से ज्यादातर मैचों में



रोहित शर्मा कप्तान रहे हैं, लेकिन एक सीरीज में केएल राहुल भी कप्तान थे, लेकिन किस्मत वहां भी भारतीय टीम की नहीं पलटी। भारत ने आखिरी बार वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में टॉस वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल में जीता था। इसके बाद फाइनल में भारत टॉस हारा और इसके बाद कभी भी भारतीय टीम वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में टॉस नहीं जीत पाई है। भारत 11 मैचों में टॉस हार चुका है और ये किसी भी टेस्ट प्लेइंग नेशन के लिए शर्मनाक रिकॉर्ड है। यहां तक कि ये शर्मनाक वर्ल्ड रिकॉर्ड की भी बराबरी हो चुकी है। हालांकि, अच्छी बात यह रही है कि ज्यादातर मैच भारत ने ही जीते हैं। भारतीय टीम ने इस शर्मनाक वर्ल्ड रिकॉर्ड के मामले में नीदरलैंड की बराबरी कर ली है। भारत और नीदरलैंड ने एक टीम के रूप में अब तक संयुक्त रूप से सबसे अधिक बार वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में लगातार टॉस हारे हैं। मार्च 2011 और अगस्त 2013 के बीच नीदरलैंड की टीम ने 11 टॉस वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में हारे थे। वहीं, टीम इंडिया ने नवंबर 2023 से फरवरी 2025 तक भारतीय टीम भी इतने ही मैचों में टॉस हार चुकी है।

## दुबई की पिच का आज कैसा रहेगा मिजाज और किसे मिलेगा फायदा?

**नई दिल्ली।** इंडिया वर्सेस बांग्लादेश आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का दूसरा मैच आज यानी गुरुवार, 20 फरवरी को दुबई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। वैसे तो इस टूर्नामेंट की मेजबानी पाकिस्तान कर रहा है, मगर राजनेतिक मसलों की वजह से टीम इंडिया पाकिस्तान नहीं गई और यह टूर्नामेंट हाईब्रिड मॉडल के आधार पर खेला जा रहा है। भारत के ग्रुप में बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की टीमें हैं। सभी टीमें भारत से मुकाबले खेलने दुबई आएगी। टूर्नामेंट छोटा होने की वजह से गलती की कोई गुंजाइश नहीं है, ऐसे में टीम इंडिया बांग्लादेश को भी हलके में नहीं लेना चाहेगी। आईए इंडिया वर्सेस बांग्लादेस मैच की पिच रिपोट्र्स और दुबई के स्टेडियम के आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम ने हाल ही में इ्र्रख्20 की मेजबानी की और इसी के कारण सतह से स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है।

## कर्नाटक में दूध की कीमत में पांच रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी

एजेंसी




**बेंगलुरु।** कर्नाटक में दूध की कीमत में पांच रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गयी है। कर्नाटक मिल्क फेडरेशन (केएमएफ) ने नंदिनी दूध की कीमत में पांच रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। नई दरें सात मार्च को राज्य के बजट के तुरंत बाद लागू होंगी। संशोधित मूल्य संरचना के अनुसार नंदिनी टोंड दूध की एक लीटर की कीमत बढ़कर 47 रुपये हो जाएगी।

इसके अलावा प्रति पैकेट दूध की मात्रा को एक लीटर पर मानकीकृत किया जाएगा जबकि वर्तमान में प्रति पैकेट 1,050 मिलीलीटर दूध की मात्रा होती है। यह पिछले तीन वर्षों में केएमएफ द्वारा की गई दूसरी बड़ी मूल्य वृद्धि है। 2022 में दूध की कीमतों में तीन रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई थी। इसके बाद 2024 में प्रति पैकेट दो रुपये की वृद्धि की गई थी। हालांकि केएमएफ ने प्रति पैकेट दूध की मात्रा में इसी तरह की वृद्धि का हवाला देते हुए बाद की वृद्धि को उचित ठहराया था। यह बढ़ोतरी अन्य आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी के बाद की गई है जिससे उपभोक्ताओं पर वित्तीय बोझ बढ़ गया है। केएमएफ के प्रबंध निदेशक बी शिवस्वामी ने कहा कि मूल्य संशोधन डेयरी किसानों की पांच रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की लगातार मांग का जवाब है। श्री शिवस्वामी ने कहा, हम वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 79-81 लाख लीटर दूध खरीद रहे हैं जो पिछले 85-99 लाख लीटर प्रतिदिन से कम है। पिछले वर्षों में उपभोक्ताओं को दी जाने वाली अतिरिक्त दूध की आपूर्ति अब बंद कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मूल्य वृद्धि के बावजूद नंदिनी दूध कर्नाटक और पड़ोसी राज्यों के कई अन्य ब्रांडों के साथ-साथ ऑनलाइन विकल्पों की तुलना में अधिक किफायती रहेगा। मूल्य वृद्धि पर अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा लिया जाएगा और राज्य के बजट में औपचारिक रूप से इसकी घोषणा किए जाने की उम्मीद है।

## विशाखापट्टनम में छोटे निर्यातकों-विदेशी खरीदारों की बैठक सम्पन्न 70.66 लाख डालर के करार

एजेंसी



**विशाखापत्तनम।** सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र की इकाइयों के लिए निर्यात के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से आंध्र प्रदेश एमएसएमई विकास निगम (एपीएमएसएमई डीसी) द्वारा निर्यातकों के शीर्ष मंच फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय रिवर्स क्रेता-विक्रेता बैठक (आरबीएसएम) यहां बुधवार को सम्पन्न हुआ जिसमें 70.66 लाख डालर के करार हुए । फियो की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस आयोजन में 18 देशों के 25 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों और 430 से अधिक एमएसएमई निर्यातकों ने भाग लिया जिनमें 196 इकाइयां ऐसी थीं तो पहली बार निर्यात कर रही हैं। आंध्र प्रदेश के उद्योग एवं वाणिज्य सचिव डॉ. एन. युवराज ने निर्यात में लॉजिस्ट्क्सि की लागत में कमी लाने के लिए आंध्र प्रदेश सरकार की विभिन्न व्यापार संवर्द्धन पहलों तथा महत्वूपर्ण ढांचागत विकास को दिए गए फोकस पर प्रकाश डाला।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच प्रदान करने के लिए एमएसएमई को अवसर प्रदान करना था। डॉ. युवराज ने अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में निर्यात को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा निष्पादित की जा रही विभिन्न ढांचागत परियोजनाओं के बारे में भी चर्चा की। विज्ञप्ति के अनुसार सम्मेलन के दौरान 70.66 लाख डॉलर के संभावित कारोबार के करार हुए। इनमें पहली बार निर्यात करने वाले 38 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए, जिससे लगभग 29.28 लाख डॉलर के निर्यात की संभावना है।

फियो के दक्षिण क्षेत्र के चेयरमैन गोपालकृष्णन ने समापन सत्र में देश भर में पिछले सफल कारोबारियों के बीच इस तरह की बैठकों के आयोजन में फियो के अनुभव को साझा किया और कहा कि आंध्र प्रदेश में कम समय में भारत के निर्यात बास्केट का 10 प्रतिशत हासिल करने की क्षमता है।

## कोयला ब्लाक नीलामी में आगे भूमिगत कोयला खनन की अपनी जगह होगी

एजेंसी



**कोलकाता।** कोयला सचिव विक्रम देव दत्त ने बुधवार को कहा कि कोयला ब्लाकों की आगामी नीलामी में भूमिगत खनन का अपना स्थान होगा जो कोयला निकासी का एक स्वस्थ और कुशल दृष्टिकोण प्रदान करेगा तथा जिससे पर्यावरण को नुकसान भी कम से कम होगा।

श्री दत्त कोयला मंत्रालय द्वारा कोयला क्षेत्र और वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए आयोजित एक रोड शो को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। श्री दत्त ने कहा कि सरकार देश में कोयला संसाधनों की अप्रयुक्त क्षमता के व्यावसायिक उपयोग के लिए सुधारों और कोयला क्षेत्र में स्वस्थ विकास को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने विभिन्न राज्य सरकारों और पर्यावरण और वन मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों के साथ मंत्रालय के सक्रिय समन्वय का भी उल्लेख किया, ताकि प्रारंभिक मंजूरी में तेजी लाई जा सके और रेल मंत्रालय के माध्यम से रसद सहायता बढ़ाई जा सके। मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार कोयला सचिव ने कहा, आगामी नीलामी में भूमिगत खनन का अपना स्थान होगा, जो पर्यावरणीय प्रभाव को कम करते हुए कोयला निकासी के लिए एक टिकाऊ और कुशल दृष्टिकोण प्रदान करेगा। उन्होंने निजी क्षेत्र की कंपनियों से न केवल खनन में निवेश करने बल्कि अपने-अपने परियोजना स्थलों के आस-पास रहने वाले समुदायों की मदद करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह उद्योग समाज का बहुत कुछ ऋणी है और उसे वनीकरण, बहाली और कल्याणकारी पहलों में नए मानक स्थापित करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा, हमारा विकास समावेशी होना चाहिए, और हमारी प्रगति का लोगों और धरती दोनों पर एक स्थायी, सकारात्मक प्रभाव पड़ना चाहिए। इस अवसर पर कोयला मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव और मंत्रालय द्वारा इस कार्य के लिए नामित प्राधिकरण रूपिंदर बरार ने हितधारकों को समर्थन देने के लिए मंत्रालय की प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम में उद्योग जगत के नेताओं, निवेशकों और हितधारकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिसने प्रगतिशील सुधारों और पारदर्शी नीतियों के माध्यम से कोयला क्षेत्र को बदलने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

## गोल्ड ज्वेलरी खरीदने वालों के लिए अच्छी खबर, गिर गए सोने के दाम

एजेंसी



**मुंबई।** दो दिन से सोने-चांदी की कीमतों में आ रही तेजी आज थम गई है। बुधवार (19 फरवरी) को सोने-चांदी के वायदा भाव में गिरावट है। खबर लिखे जाने के समय आज एमसीएक्स पर सोने के वायदा भाव 85,954 रुपए के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 96,558 रुपए के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव तेज शुरुआत के बाद सुस्त पड़ गए। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने व चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ खुलने के बाद नरम पड़ गए। एमसीएक्स पर सोना 2,954.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,949 डॉलर प्रति औंस था। हालांकि खबर लिखे जाने के समय यह 1.40 डॉलर की गिरावट के साथ 2,947.600 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। एमसीएक्स पर चांदी के वायदा भाव 33.42 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 33.37 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.14 डॉलर की गिरावट के साथ 33.23 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 9,092 रुपए बढ़कर 85,254 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 9,929 रुपए बढ़कर 95,946 रुपए पर पहुंच गया है।

## संक्षिप्त सामाचार

### यूनिवर्सिटी एलुमना ने जीता पद्मश्री श्याम लाल हॉकी टूर्नामेंट में महिला वर्ग का खिताब

**नयी दिल्ली।** दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना ने इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफफिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस को 2-1 से पराजित कर 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी टूर्नामेंट में महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। श्याम लाल कॉलेज के मैदान पर विजेता टीम के लिए दोनों गोल अक्षिता ने किए। पराजित टीम के लिए सोमवती ने एकमात्र गोल किया। चौंपियन दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना की अक्षिता को प्लेयर ऑफद मैच का अवार्ड मिला। प्लेयर ऑफद टूर्नामेंट का अवार्ड दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना की मनिता को मिला। समापन समारोह के मुख्य अतिथि रोहतास नगर के विधायक भाजपा नेता जितेंद्र महाजन ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। श्याम लाल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रबि नारायण कर, प्रो. सरिता त्यागी, एचओडी, फिजिकल एजुकेशन, डीयू, डॉ. सुशील कुमार, असिस्टेंट डायरेक्टर, डीयूएससी और डॉ. जमाल अनोनो खान, एमुनोथेरेपिस्ट, प्रो. नरेंद्र, प्रधानाचार्य, जाकिर हुसैन कॉलेज, ने खिलाड़ियों को अन्य पुरस्कार प्रदान किए। कॉलेज की स्पोर्ट्स कमेटी के संयोजक वी एस जग्गी ने सफल आयोजन में सहयोग के लिए सभी मेहमानों का धन्यवाद अदा किया। जितेंद्र महाजन ने इस अवसर पर कहा, ष्मुझे खुशी है कि हमारी बेटियां इस हॉकी टूर्नामेंट में पूरे उत्साह से खेलीं।

### भारत में 28 लाख से ज्यादा कंपनियां रजिस्टर्ड, 65: सक्रियः सरकारी डेटा

**नयी दिल्ली।** देश में अब तक 28 लाख से अधिक कंपनियां रजिस्टर की जा चुकी हैं, जिनमें से केवल 65: या 18.1 लाख से अधिक कंपनियां ही सक्रिय हैं। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, कंपनियों अधिनियम, 2013 के तहत पंजीकृत कंपनियों में से केवल 5,216 विदेशी कंपनियां हैं, और इनमें से 63: (3,281 कंपनियां) जनवरी 2025 के अंत तक सक्रिय थीं। मंत्रालय के मासिक सूचना बुलेटिन के मुताबिक, 31 जनवरी 2025 तक कुल 28,05,354 कंपनियां पंजीकृत की गईं, जिनमें से 18,17,222 कंपनियां सक्रिय हैं। दिसंबर 2024 की तुलना में सक्रिय कंपनियों की कुल संख्या में 0.14: की वृद्धि दर्ज की गई है। अब तक कुल 9,49,934 कंपनियों को बंद कर दिया गया है। वहीं, जनवरी 2025 में कुल 16,781 नई कंपनियां पंजीकृत हुईं, जिनका कुल पेड-अप कैपिटल 816.14 करोड़ रुपये रहा।

### फियो ने भारत-कतर रणनीतिक साझेदारी का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यातकों का संगठन फियो ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी की भारत यात्रा के बाद भारत और कतर के बीच मजबूत होती रणनीतिक साझेदारी का स्वागत किया है। फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने बुधवार को इसे एक ऐतिहासिक उपलब्धि करार देते हुए कहा कि यह आर्थिक सहयोग को नया आयाम देने के साथ-साथ व्यापार और निवेश प्रवाह में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान कई महत्वपूर्ण पहल की गईं, जो दोनों देशों के व्यापारिक संबंधों को और अधिक सशक्त बनाएंगी। इनमें द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी की स्थापना शामिल है, जो व्यापार, निवेश, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देगी और भारतीय निर्यातकों के लिए नए अवसर खोलेगी।

प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्वीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेब सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय :- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007

# बोईसर में सकल मराठा समाज व शिवप्रेमी द्वारा आयोजित शिवजयंती महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न

शकुन टाइम्स संवाददाता

**पालघर।** जिले के बोईसर शहर, खैरापाड़ा ग्राम पंचायत अंतर्गत यशवंत श्रृष्टि के पास स्थित बिरसा मुंडा मैदान में सकल मराठा समाज व शिवप्रेमी बोईसर की ओर से 9वें वर्ष बुधवार 19 फरवरी 2025 को शौर्य, शक्ति व सनातन संस्कृति के सबसे बड़े प्रतीक शिवजयंती महोत्सव का भव्य दिव्य आयोजन किया गया।

बतादें कि श्री छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्मोत्सव सकल मराठा समाज व सर्व शिवप्रेमियों के द्वारा पिछले आठ वर्षों से लगातार पालघर जिले के बोईसर शहर, खैरापाड़ा ग्राम पंचायत अंतर्गत यशवंत श्रृष्टि के पास स्थित बिरसा मुंडा मैदान में बड़े धूमधाम से हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी



छत्रपति शिवाजी महाराज के जयंती के एक दिन पूर्व मंगलवार 18 फरवरी को विद्यार्थियों की वक्तृत्व प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 30 विद्यालयों के कुल 50 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। वहीं बुधवार 19 फरवरी को सुबह शिरगांव से भव्य शिव ज्योति शोभायात्रा निकालकर शिव ज्योति को बिरसा मुंडा मैदान में ले आया गया। बिरसा मुंडा मैदान में उपस्थित सभी महिलाओं ने शिव ज्योति व छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का स्वागत करते हुए पंचारती की। उसके बाद एक दिन पूर्व आयोजित की गई प्रतियोगिता के अंतिम 10 प्रतियोगियों की वक्तृत्व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके पश्चात 10 विद्यालयों के कुल 144 विद्यार्थियों द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज के पराक्रम व शौर्य पर आधारित अनेक नृत्यों की विशेष प्रस्तुति की गई। वहीं शाम को श्री छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा की भव्य दिव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान चार लेजिम पथकों में ज्ञानसागर विद्यालय लेजिम पथक, सकल मराठा महिला लेजिम पथक, शिवप्रेमी महिला लेजिम पथक, निर्मला पार्क लेजिम पथक के अलावा ढोल ताशा पथक, हलगी पथक ऐसे सभी पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ सभी शिव प्रेमियों की ओर से पूरे बोईसर शहर में हर्षोल्लास पूर्वक शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा का समापन बिरसा मुंडा मैदान में किया गया। उसके पश्चात सुरताल भजन मंडली तारापुर द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित अत्यंत सुमधुर भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया और सभी के स्नेह भोजन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बबनराव जाधव, नानासाहेब साठे, विजय बागल, बालासाहेब विचारे, विजय देशमुख, राजेंद्र थोरात , संजय मराठे, लक्ष्मण गटकल, बाजीराव कापरे, संतोष चव्हाण, चंद्रहार नलावडे,मधुकर गायकवाड, विश्वास जगताप, विलास अहिरेकर, दयानंद कांबले, नारायण कोटकर,प्रताप पाटील,अनिल पाचांगणे सोमनाथ भोजने, भाऊसाहेब पाटील, संतोष उ. चव्हाण, विकास करांडे, विवेक पाटील, गजानन मोहिते, संजय पितृभक्त सहित अन्य लोंगों ने कड़ी मेहनत की। इस कार्यक्रम में स्वरूपा विचारे, शोभा जाधव, सुवर्णा साठे, वृषाली बागल, वृषाली देशमुख, रेवती मराठे, माया शिंदे, माधवी थोरात, उषा गायकवाड, रुपाली चव्हाण सहित अन्य महिलाओं का विशेष योगदान रहा।

# संक्षिप्त सामाचार

## एसएसबी जवानों ने नाबालिग को मानव तस्करी से बचाया

**सुपौल।** बिहार के सुपौल जिले में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के ने एक नाबालिग को मानव तस्करी से बचाया। एसएसबी.45 वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट जगदीश कुमार शर्मा ने गुरूवार को बताया कि सूचना मिली थी कि एक लड़का अपने साथ एक लड़की को बहला -फुसला कर कटैया के रास्ते नेपाल ले जाने के फिराक मे था। मोबाइल चेक-पोस्ट ड्यूटी के दौरान एसएसबी जवानों ने भारत से नेपाल जाने के क्रम में संदेहजनक जोड़े को रोककर पूछताछ की । पूछताछ के क्रम में जानकारी मिली कि जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र निवासी अजय कुमार एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर घर वालों के बिना जानकारी के भारत से नेपाल भागकर ले जा रहा था। श्री शमो ने बताया कि एसएसबी ने पकड़े गये दोनों लड़का-लड़की को भीमनगर थाना को सुपुर्द कर दिया है।

## ट्रेन से टकराने से छह जंगली हाथियों की मौत

**कोलंबो।** पूर्वी श्रीलंका के बट्टिकलोआ से राजधानी कोलंबो की ओर जा रही एक ट्रेन की चपेट में आने से छह जंगली हाथियों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए है। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना गुरुवार सुबह श्रीलंका के उत्तर मध्य प्रांत में गैल ओया रेलवे स्टेशन के पास हुई। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में ट्रेन का इंजन पटरी से उतर गया लेकिन कोई यात्री घायल नहीं हुआ। पिछले अक्टूबर में इसी रेल लाइन पर इसी तरह की दुर्घटना में दो हाथियों की मौत हो गई थी और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

## राहुल, प्रियंका ने अरुणाचल तथा मिजोरम के लोगों को स्थापना दिवस पर दी बधाई

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अरुणाचल प्रदेश तथा मिजोरम के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए आज कहा कि उनकी पहचान को सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भारत की विविधता और एकता के प्रतीक देश के सभी राज्यों के लोगों की समृद्ध विरासत और प्रगतिशीलता हमारी पहचान है और यही विशेषताएँ हमारे राष्ट्र के ताने बाने को और समृद्धि प्रदान करती है। श्री गांधी ने कहा अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम की हमारी बहनों और भाइयों को उनके राज्य दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं। पूर्वोत्तर भारत के ये रत्न अपनी समृद्ध विरासत और प्रगतिशील भावना के माध्यम से हमारे देश की विविधता में एकता को प्रदर्शित करते हैं। हमें मिलकर उनकी विशिष्ट पहचान की रक्षा करनी चाहिए और उसका जश्न मनाना चाहिए जो हमारे राष्ट्र के ताने-बाने को समृद्ध करती है।

## बोत्सवाना में भारी बारिश के कारण स्कूल बंद


**गेबोरोन।** बोत्सवाना में भारी बारिश के चलते छात्रों के परिवहन में व्यवधान के कारण स्कूलों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। बाल कल्याण और बुनियादी शिक्षा मंत्री नोनो कगाफेला मोकोका ने बुधवार को कहा कि भारी बारिश के कारण अधिकांश सड़कें जलमग्न हो गई हैं और उनमें से कुछ सड़कें कट गई हैं जिससे छात्र स्कूल आने-जाने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि अस्थायी बंद का यह आदेश 20 फरवरी से 24 फरवरी तक प्रभावी रहेगा।

# विजयेंद्र ने राज्य की वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र की मांग की

एजेंसी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने मुख्यमंत्री सिद्दारमैया से राज्य सरकार की वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है।

उन्होंने आरोप लगाया कि अन्य उद्देश्यों के लिए निर्धारित धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। श्री विजयेंद्र ने कहा कि भाजपा कांग्रेस सरकार की गारंटी योजनाओं के खिलाफ नहीं है लेकिन अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण फंड का दुरुपयोग हो रहा है जिससे समुदाय असंतुष्ट हैं। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, इन समुदायों के नेताओं ने मुख्यमंत्री से अन्याय न



करने का आग्रह किया है। श्री विजयेंद्र ने आरोप लगाया कि सरकार केवल चुनावों के दौरान गारंटी योजनाओं के लिए धन जारी कर रही है। उन्होंने सरकार से श्वेत पत्र जारी करने और बेंगलुरु में गड्ढों की बजाय सुरंग सड़क जैसी परियोजनाओं को प्राथमिकता देने पर आलोचना की। श्री विजयेंद्र ने विधायकों पर वित्तीय दबाव और विकास निधि की कमी का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने सूखा और पेयजल संकट पर सरकार से तत्काल कार्रवाई की अपील की। राजनीतिक मोर्चे पर उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री पद के लिए कांग्रेस के भीतर आंतरिक प्रतिस्पर्धा है। उन्होंने कहा, कुछ लोग दावा करते हैं कि श्री सिद्दारमैया पूरे पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे लेकिन ऐसे बयान देने वाले भी उनके पद पर नजर गड़ाए हुए हैं। श्री विजयेंद्र ने कांग्रेस नेताओं के सत्ता संघर्ष और बढ़ती लागतों पर चिंता जताई और यह भी दावा किया कि सिद्धारमैया सरकार ने पिछले दो वर्षों में 1.9 लाख करोड़ रुपये उधार लिए हैं जिससे लंबित भुगतानों पर बकाया राशि जमा हो गई है।

# जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने दक्षिण अफ्रीका जाएंगे जयशंकर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री (ईएएम) एस. जयशंकर जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक (एफएमएम) में भाग लेने के लिए 20-21 फरवरी को जोहान्सबर्ग की यात्रा पर रहेंगे। दक्षिण अफ्रीका गणराज्य के अंतरराष्ट्रीय संबंध और सहयोग मंत्री रोनाल्ड लामोला के निमंत्रण पर वह यह दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया, जी-20 एफएमएम में विदेश मंत्री की भागीदारी से जी-20 देशों के साथ भारत की भागीदारी मजबूत होगी। इस महत्वपूर्ण मंच पर वैश्विक दक्षिण की आवाज को बल मिलेगा। विदेश मंत्री की एफएमएम के दौरान कुछ द्विपक्षीय बैठकें करने की उम्मीद है। यह मीटिंग दक्षिण





अफ्रीका की जी-20 अध्यक्षता के दौरान आयोजित होने वाली पहली विदेश मंत्रियों की बैठक होगी। इसका विषय श्एकजुटता, समानता, स्थिरताश् रखा गया है। दक्षिण अफ्रीका की जी-20 अध्यक्षता 1 दिसंबर, 2024 से शुरू हुई और यह 30 नवंबर तक जारी रहेगी। राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने पदभार ग्रहण करते समय इस बात पर जोर दिया कि दक्षिण अफ्रीका को जी-20 अध्यक्षता ऐसे समय में मिली है जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, असमानता, गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी, भू-राजनीतिक अस्थिरता सहित कई संकटों का सामना कर रही है। दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच लगातार बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने घोषणा की कि वे आगामी (जी20) विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग नहीं लेंगे।

इस पर रोनाल्ड लामोला ने कहा कि ब्राजील से जी20 की अध्यक्षता संभालने के बाद से, दक्षिण अफ्रीका ने कई मुद्दों से निपटने का प्रस्ताव दिया है, जिसमें उभरती अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित करने वाला बढ़ता ऋृण भी शामिल है।

# बिना नोटिस अफगानों को जबरन देश से निकाल रहा पाकिस्तान, गिरफ्तारियां की तेज

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में अफगान दूतावास ने बुधवार को चेतावनी दी कि पाकिस्तान सभी अफगान शरणार्थियों (को देश से निकालना चाहता है और उनका निष्कासन जल्द होने की आशंका है।

दूतावास ने पाकिस्तान की योजनाओं के बारे में कड़े शब्दों में बयान जारी करते हुए कहा कि राजधानी इस्लामाबाद और पास के शहर रावलपिंडी में अफगान नागरिकों को गिरफ्तार किया जा रहा है, उनकी तलाशी ली जा रही है और पुलिस उन्हें जुड़वां शहरों को छोड़कर पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में जाने



का आदेश दे रही है। इसमें कहा गया है,''अफगानों को हिरासत में लेने की इस प्रक्रिया के बारे में इस्लामाबाद में अफगानिस्तान के दूतावास को किसी औपचारिक पत्राचार के माध्यम से आधिकारिक तौर पर सूचित नहीं किया गया है। बिना किसी औपचारिक घोषणा के इसे शुरू किया गया है। पाकिस्तान में अवैध रूप से रह रहे लाखों लोगों के अलावा, लगभग 14.5 लाख अफगान नागरिक शरणार्थी के रूप में संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग (यूएनएचसीआर) में पंजीकृत हैं। इस्लामाबाद स्थित अफगान दूतावास ने बुधवार को एक गंभीर चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि पाकिस्तान जल्द ही सभी अफगान शरणार्थियों को देश से निकाल सकता है। दूतावास के अनुसार, राजधानी इस्लामाबाद और पास के शहर रावलपिंडी में अफगान नागरिकों की गिरफ्तारियां और तलाशी अभियान तेज कर दिए गए हैं।

अफगान दूतावास के बयान में कहा गया कि पुलिस अफगान नागरिकों को हिरासत में लेकर उन्हें इस्लामाबाद और रावलपिंडी छोड़कर पाकिस्तान के अन्य इलाकों में जाने का आदेश दे रही है।

# कोलम्बिया के बोगोटा शहर में विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत

एजेंसी

**बोगोटा।** कोलंबिया की राजधानी बोगोटा शहर में मंगलवार रात हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। शहर के मेयर कार्लोस फर्नांडो गैलन ने बुधवार को इसकी पुष्टि की।

श्री गैलन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, हम सैन बर्नार्डो पड़ोस में मंगलवार लगभग 10 बजे विस्फोटक उपकरण को सक्रिय करने के लिए जिम्मेदार लोगों को खोजने के लिए पुलिस बोगोटा का समर्थन कर रहे हैं।

आठ लोग घायल हो गए और उन्हें सांता क्लारा अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया जहां दुर्भाग्य से एक व्यक्ति की मौत हो



गई। बोगोटा के मेट्रोपॉलिटन पुलिस के कमांडर विलियम लारा ने घटनास्थल से कहा कि जांचकर्ता घटना की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा हमारी न्यायिक पुलिस और विस्फोटक निरोधक तकनीशियन इस बात की पुष्टि कर रहे हैं कि यह किसी तात्कालिक उपकरण से संबंधित है या औद्योगिक विस्फोटक उपकरण से उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने क्षेत्र में सुरक्षा कैमरों की समीक्षा शुरू कर दी है। पुलिस प्रमुख ने कहा कि विस्फोट के लिए जिम्मेदार लोगों की शीघ्र पहचान करने के लिए पुलिस प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी एकत्र कर रही है।

## मध्यप्रदेश में छावा करमुक्तः यादव

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने राज्य में छावा फिल्म को करमुक्त किए जाने की घोषणा की है। डॉ यादव ने कल देर शाम यहां राज्य तीरंदाजी खेल अकादमी के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान प्रदेश में शिवाजी की जयंती की सभी को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि उनके पुत्र संभाजी महाराज के जीवन से प्रेरित फ़िल्म छावा को प्रदेश में टैक्स फ्री किया जाएगा। उन्होंने शिवाजी की वीरता को याद करते हुये कहा कि शिवाजी के वीर पुत्र संभाजी के जीवन परिचय और उनके अदम्य साहस व न्यायप्रियता को दर्शाने वाले जीवन व उनके पुत्र की वीरगाथा दर्शाने वाली फिल्म पर कोई टैक्स नहीं होगा। प्रदेश की जनता को संभाजी के अदम्य साहस और वीरता को जानना चाहिए, इसलिए प्रदेश की जनता से इस फिल्म को देखने पर कोई कर नहीं लिया जायेगा।

# फिलिस्तीन बिक्री के लिए नहीं-अब्बास



एजेंसी

**रामल्लाह।** फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने बुधवार को फिर से पुष्टि की कि देश बिक्री के लिए नहीं है और इसकी भूमि का कोई भी हिस्सा चाहे वह गाजा, पश्चिमी तट या यरुशलम में हो छोड़ा नहीं जाएगा।

श्री अब्बास ने रामल्लाह में फतह केंद्रीय समिति की बैठक के बाद एक बयान में फिलिस्तीनी लोगों को विस्थापित करने के किसी भी प्रयास को खारिज कर दिया और किसी भी राजनीतिक समाधान के आधार के रूप में अंतरराष्ट्रीय कानून और अरब शांति पहल का पालन करने पर जोर दिया। फतह केंद्रीय समिति ने भी किसी भी विस्थापन के प्रयासों को अस्वीकार करने की अपनी बात दोहराई और जोर दिया कि फिलिस्तीनी फिलिस्तीन मुक्ति संगठन (पीएलओ) के नेतृत्व में अपने राष्ट्रीय उद्देश्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के माध्यम से ऐसे प्रयासों का विरोध करेंगे। समिति ने विस्थापन के आह्वान को खारिज करने के लिए जॉर्डन और मिस्र की प्रशंसा की और इस मुद्दे को संबोधित करने और गाजा के लिए पुनर्निर्माण योजना को मंजूरी देने के लिए आगामी आपातकालीन अरब शिखर सम्मेलन के महत्व पर जोर दिया। समिति ने इजरायल की नीतियों का मुकाबला करने और पूर्वी यरुशलम को अपनी राजधानी के रूप में एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना सुनिश्चित करने के लिए पीएलओ के पीछे एकता की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।

## पुलिस ने ट्रेन स्टेशन पर आतंकवादी हमले की योजना को विफल किया

**वियना।** ऑस्ट्रिया की पुलिस ने ट्रेन स्टेशन पर आतंकवादी हमले की योजना को विफल कर एक 14 वर्षीय किशोर को गिरफ्तार किया है। किशोर ने कथित तौर पर वियना के वेस्ट ट्रेन स्टेशन पर आतंकवादी हमले की योजना बनाई थी। गृह मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने कहा कि संदिग्ध एक ऑस्ट्रियाई नागरिक को 10 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। ऑस्ट्रियाई खुफिया अधिकारियों को सूचना मिली थी कि संदिग्ध ने सोशल मीडिया पर कट्टरपंथी इस्लामवादी सामग्री वितरित की थी। ऑस्ट्रियाई प्रसारक ओआरएफ ने मंत्रालय के हवाले से कहा कि पुलिस को संदिग्ध के घर की तलाशी के दौरान कई इस्लामवादी किताबें तथा ट्रेन स्टेशन एवं चाकू से पुलिस अधिकारियों पर हमले के स्केच मिले। उन्होंने कहा कि यह उसकी इस्लामिक स्टेट संगठन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया और एन्क्रिप्टेड ऑनलाइन चैनलों के माध्यम से युवाओं को लक्षित करने वाले कट्टरपंथी इस्लामवादी प्रचार की बढ़ती प्रवृत्ति की चेतावनी दी।

## बोकारो चंद्रपुरा में बहुत जल्द स्थापित होगा सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट

**बोकारो।** झारखंड में बोकारो जिले के चंद्रपुरा में दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) की ओर से 1600 मेगावाट (800×2) के थर्मल पावर प्लांट की स्थापना का कार्य बहुत जल्द आरंभ किया जाएगा। डीवीसी चंद्रपुरा थर्मल पावर प्लांट के वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान विजया नन्द शर्मा ने गुरूवार को यहां पत्रकारों को बताया कि डीवीसी मुख्यालय से प्राप्त खबर के अनुसार 800 मेगावाट की दो सुपर क्रिटिकल यूनिट स्थापित करने की मंजूरी केंद्र सरकार द्वारा सैद्धांतिक रूप से दे दी गई है। उन्होंने कहा कि इस इकाई की स्थापना और संचालन का प्रबंधन दामोदर घाटी निगम करेगा। इन नई इकाइयों को स्थापित करने में करीब 16500 करोड़ रुपए का निवेश होगा। यह यूनिट अल्ट्रा मॉडर्न होगी। इसकी क्षमता पुराने प्लाट की अपेक्षा अधिक होगी। पर्यावरण के सभी मानक का अनुपालन किया जाएगा। इसकी टेक्नोलॉजी स्टेट ऑफ द आर्ट होगी। श्री शर्मा ने कहा कि इस इकाई के स्थापना से इस क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सैकड़ो लोगों को रोजगार मिलेगा ।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत
YouTube shakuntimes



केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं महराजगंज सांसद पंकज चौधरी और पनियरा विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह शकुन टाइम्स अखबार को प्रमुखता से पढ़ते हुए

आवश्यकता है
भारत के समस्त राज्यों व जिलों में अनुभवी और तेज तर्रार प्रेस रिपोर्टरों की
यदि आप में है गलत को गलत कहने की हिम्मत तो शकुन टाइम्स में आपका स्वागत है
नोट : प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया में एक साथ कार्य करने का सुनहरा अवसर
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 9415052283, 9506320127
संपर्क कार्यालय : शक्तिपीठ,सारनाथ,वाराणसी (उ.प्र.) 221007